इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने)
गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## '400 पार' के लिए भाजपा की हाईप्रोफाइल बैठक, 50% सीटों पर मंथन; 1-2 दिन में नामों का होगा ऐलान



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. उम्मीदवारों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर बीजेपी नेतृत्व की बैठक हुई. इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत शीर्ष नेता मौजूद रहे. इस मीटिंग में 50 प्रतिशत से ज्यादा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार-मंथन हुआ. इस दौरान प्रत्येक सीट पर 3-3 नाम को लेकर पैनल तैयार किया गया. इस मीटिंग के बाद बीजेपी हेडक्वॉर्टर में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है. पीएम मोदी कुछ देर में बीजेपी हेडक्वॉर्टर पहुंचेंगे. सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी 1 या 2 मार्च को उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है. केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश के बारे में चर्चा हो रही है. इसके बाद पश्चिम बंगाल की सीटों को लेकर चर्चा होगी. फिर राजस्थान की लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर विचार किया जाएगा. सूत्रों के मुताबिक, पहली लिस्ट में लोकसभा चुनाव के लिए 100 से 120 सीटों पर कैंडिडेट घोषित किए जा सकते हैं.

### पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में उम्मीदवारों का फैसला होल्ड पर

सूत्रों का कहना है कि पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु राज्यों में उम्मीदवारों का फैसला होल्ड कर दिया गया है. इन तीनों राज्यों में बीजेपी की क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की बातचीत चल रही है. पंजाब में BJP अकाली दल, आंध्र प्रदेश में TDP और जन सेना के साथ बात कर रही है. जबकि तमिलनाडु में AIADMK के साथ बातचीत जारी है. गुरुवार को पीएम आवास पर हुई बीजेपी नेतृत्व की बैठक में उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड, गुजरात, असम, झारखंड, तमिलनाडु, पुदुचेरी, अंडमान निकोबार, ओडिशा, दिल्ली, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर की सीटों के पैनल को केंद्रीय चुनाव समिति के सामने रखा गया.

### मीटिंग में ये नेता रहे मौजूद

इस बैठक में बीजेपी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस, प्रकाश जावड़ेकर, मनसुखभाई मंडाविया, पुष्कर सिंह धामी, प्रमोद सावंत, भूपेंद्र यादव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, केशव प्रसाद मौर्य, योगी आदित्यनाथ भी इस मीटिंग में मौजूद रहे.

### पहली लिस्ट में पीएम मोदी, अमित शाह का आ सकता है नाम

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजेपी की पहली लिस्ट में वीआईपी कैंडिडेट्स पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय बाल और महिला विकास मंत्री स्मृति ईरानी समेत करीब 40 नेताओं का नाम आ सकता है.

### 10 मार्च से पहले 300 सीटों के उम्मीदवारों का हो सकता है ऐलान

सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी 10 मार्च से पहले 300 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करने की उम्मीद कर रही है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोक गायिका पूनम तिवारी और पंडवानी गायिका समप्रिया पूजा निषाद को मिलेगा अकादमी पुरस्कार





रायपुर। राजनांदगांव जिले की लोक कलाकार व गायिका पूनम तिवारी और दुर्ग जिले की अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायिका समप्रिया पूजा निषाद की उपलब्धि से प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूनम तिवारी को संगीत नाटक अकादमी और समप्रिया को उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा है- स्थानीय लोककला और पंडवानी के प्रचार-प्रसार के लिए आपके द्वारा किए गए भागीरथी प्रयास सराहनीय हैं।

30 वर्ष तक हबीब तनवीर के नाटकों में काम किया पूनम ने

लोक कलाकार पूनम तिवारी आठ वर्ष की उम्र से मंचीय कार्यक्रम देने लगी थीं। मां के साथ नाचा प्रोग्राम में जाती थीं। लोक कलाकार के तौर पर उनकी परवरिश दाऊ मंदराजी, रामलाल और मदन कुमार जैसे कलाकारों के बीच हुई।

दुर्ग में प्रोग्राम देते वक्त नाट्य सम्राट हबीब तनवीर की नजर इनकी कलाकारी पर पड़ी और उन्होंने पूनम को नया थिएटर ग्रुप में जोड़ लिया। पूनम ने लगभग 30 वर्ष तक हबीब तनवीर के साथ काम किया। चरणदास चोर, मिट्टी की गा?ी, मोर नांव दामाद गांव के नांव ससुराल, आगरा बाजार, हीरमा की अमर कहानी, बहादुर कलारिन, देख रहे हैं नैन, मुद्राराक्षस, साजापुर की शांतिबाई जैसे अनेक चर्चित नाटकों में अभिनय किया। इन नाटकों का मंचन भारत के अलावा लंदन, पेरिस, जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, रूस, बांग्लादेश, मिश्र, शिकागो में भी किया गया। उनके अभिनेता पति दीपक तिवारी की लकवे से मौत हो चुकी है। उनके लोक कलाकार बेटे सूरज विराट की वर्ष 2019 में हृदय रोग से मौत हो चुकी है। इसके बाद वे आर्थिक परेशानी से जूझ रही हैं। बेटे की मौत पर उन्होंने 'चोला माटी के हे राम, एखर का भरोसा' लोकगीत गायन कर पुत्र को अंतिम विदाई दी थी। यह घटना खूब चर्चा में रही थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राम रहीम को बड़ा झटका- अब अदालत की अनुमति के बिना नहीं मिलेगी पैरोल, हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकारा



चंडीगढ़। गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिलने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने याचिका दाखिल करते हुए राम रहीम को बार-बार हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही पैरोल के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को बार बार पैरोल/फरलो देने पर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार डेरा प्रमुख को बार बार पैरोल देना विशेष सुविधा तो नहीं है, काफी संख्या में लोग जेलों में है जो पैरोल/फरलो का इंतजार कर रहे है और उन्हें यह लाभ नहीं दिया जा रहा। सरकार ने कहा कि नियमों के तहत ही राम रहीम को पैरोल दी जा रही है और जहां तक बाकी कैदियों का मामला है तो हर केस पर विचार करने के बाद पैरोल का निर्णय लिया जाता है। कोर्ट के कुछ फैसलों को हवाला देकर कहा गया कि राम रहीम हार्ड कोर अपराधी नहीं है और ऐसे में उसे पैरोल दी जा सकती है।

हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अगली सुनवाई पर बताया जाए कि सरकार के पास कितने कैदियों को पैरोल और फरलो की अर्जियां आई हैं और उनमें से कितनों को पैरोल और फरलो दी गई है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जिस केस में डेरा मुखी को सजा सुनाई गई है उसी अपराध के अन्य कितने दोषियों को आज तक कितनी बार पैरोल और फरलो दी गई है और कितनी अर्जियां अब तक पेंडिंग हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब राम रहीम को अदालत की मंजूरी के बिना पैरोल नहीं दी जाएगी।

## असम कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी भाजपा में हुए शामिल

गुवाहाटी। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस की असम इकाई से इस्तीफा दिया था। इससे पहले राणा गोस्वामी ने रविवार को 'विभिन्न राजनीतिक कारणों' का हवाला देते हुए पार्टी के संगठन प्रभारी (ऊपरी असम) के पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद राणा गोस्वामी ने कहा कि कुछ न कुछ होता रहता है, इसलिए मुझे कांग्रेस पार्टी छोड़नी पड़ी। मैं सात साल तक पार्टी का सचिव भी रहा हूं, मैंने गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रियंका गांधी के साथ काम किया है। गुलाम नबी आज़ाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी पार्टी छोड़ दी। उसी तरह मैंने भी पार्टी छोड़ दी है।

## जुमलों का नहीं किसानों को जवाब देने का वक्त... कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने साधा बीजेपी पर निशाना



नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि अब 'जुमलों' का नहीं, बल्कि जनता को जवाब देने का समय है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' फर्जी निकली और इस सरकार में किसानों की हालत बदतर हो गई। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 16 साल पहले, कांग्रेस-संप्रग सरकार ने 3.73 करोड़ किसानों का 72,000 करोड़ रुपये का कृषि ऋ्ष्ठा व ब्याज माफ किया था। ये कांग्रेस की गारंटी थी जो पूरी हुई।

उन्होंने दावा किया कि मोदी जी ने किसानों से दो बड़े वादे किए। पहला, लागत पर 50 प्रतिशत एमएसपी और दूसरा वादा 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का था। ये 'मोदी की गारंटी' फ़ज़ी निकली और किसानों की हालत बदतर हुई।अब कांग्रेस ने फ़्रि से किसानों से वादा किया है कि हम 15 करोड़ किसान परिवारों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे। केवल कांग्रेस ही अपनी गारंटी पूरी करती है। जय किसान, जय हिंदुस्तान।

### कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मध्य प्रदेश में भाजपा के वादे का उल्लेख करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 2014 में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में किसानों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने का वादा किया था। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश के किसानों से 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं और 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था। लेकिन आज केंद्र सरकार द्वारा गेहूं की एमएसपी मात्र 2275 रुपये ही तय की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश सरकार अपने वादे के अनुसार गेहूं खरीद के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।उन्होंने सवाल किया कि आपकी डबल इंजन सरकार हमारे किसानों को न्याय दिलाने में क्यों विफल रही है?

रमेश ने कहा कि चुनाव में महिलाओं का वोट लेने के लिए लाडली बहना योजना के तहत 3000 रुपये प्रति महीने देने का वादा किया गया था। चुनाव जीतने के बाद सरकार ने यह वादा पूरा करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। हाल ही में विधानसभा में उसने कहा कि इस वादे के लिए कोई समय सीमा निर्धारित करनासंभव नहीं है। क्या यह 'मोदी की गारंटी' एक और चुनावी जुमला है? पिछले कुछ महीनों में मध्य प्रदेश में आदिवासियों के खिलाफ अपराध के मामले बढ़ गए हैं। आदिवासियों के ख़िलाफ़ अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश नंबर वन राज्य है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित





बिलासपुर। बहुचर्चित दो हजार करोड़ से अधिक कोल लेवी स्कैम मामले में गुरुवार को भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। फिलहाल कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस एन के व्यास की सिंगल बेंच अब मामले में जल्द अपना फैसला सुना सकती है।

गौरतलब है कि इससे पहले रायपुर की विशेष अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। निचली कोर्ट ने माना था कि इस पूरे स्कैम से जुड़े पैसे का इस्तेमाल उन्होंने चुनावी खर्च में किया था। इसके बाद विधायक ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अदालत में बहस के दौरान भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के वकील ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत देवेंद्र यादव के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनाया गया है। केवल दूसरे आरोपी यानी सूर्यकांत तिवारी को जानने से वह मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत अपराधी नहीं बन जाते।

## छत्तीसगढ़ में खुलेगा केन्द्रीय योग, प्राकृतिक चिकित्सा और अनुसंधान : बनेगा देश का दूसरा केन्द्र



रायपुर। छत्तीसगढ़ में देश का दूसरा योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र का शिलान्यास राजधानी रायपुर में 2 मार्च को होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस कार्यक्रम अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र का शिलान्यास कार्यक्रम पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। यह केन्द्र आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में बनेगा। यह केन्द्र 90 करो? की लागत से तैयार होगा। इसे 24 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां 100 बेड का अस्पताल भी होगा। इसके साथ ही अनुसंधान में फैलोशिप पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे।

केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में मोटापा, प्री-डायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम, गठिया, दर्द सिंड्रोम, हृदय रोग, डिसलिपिडेमिया, ऑटोइम्यून बीमारियों जैसे विभिन्न गैर संचारी रोगों के उपचार की सुविधा होगी। कैंसर पुनर्वास, न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग, बुजुर्गों की देखभाल, आदि सुविधाएं भी इस अनुसंधान केंद्र में प्रदान की जाएगी। केंद्र में एक बाह्य रोगी और प्रशासनिक (ओपीडी) ब्लॉक, इनपेशेंट ब्लॉक (आईपीडी), योग हॉल, आहार केंद्र, हाइड्रोथेरेपी, मैग्नेटोथेरेपी, क्रोमोथेरेपी, मालिश और फिजियोथेरेपी अनुभाग आदि होंगे।

## किसानों का दिल्ली कूच एक दिन और टला, पंधेर ने कहा- बॉर्डर पर पहले की तरह डटे रहेंगे



पटियाला/बठिंडा/संगरूर। किसान संगठनों ने दिल्ली कूच पर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। शुक्रवार को अगली रणनीति का एलान किसान संगठन कर सकते हैं। उधर, बठिंडा में युवा किसान शुभकरण सिंह का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। किसान नेताओं का कहना है कि फिलहाल किसान बॉर्डरों पर पहले की तरह डटे रहेंगे।

शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे किसान संगठनों का दिल्ली कूच एक दिन के लिए और टल गया है। इससे पहले किसान संगठनों ने 29 फरवरी तक कूच रोकने का निर्णय लिया था। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने गुरुवार को शंभू बॉर्डर पर साझा बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि शुक्रवार को इस मुद्दे पर फिर बैठक होगी और आगे की रणनीति का एलान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आंदोलन जारी रहेगा और फिलहाल किसान बॉर्डर पर ही डटे रहेंगे। वहीं, खनौरी बॉर्डर पर पुलिस टकराव में जान गंवाने वाले बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह का गुरुवार को उनके पैतृक गांव बल्लो में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक की दोनों बहनों ने अपने भाई के सिर पर सेहरा बांध कर अंतिम विदाई दी, जबकि पिता ने मुखाग्नि दी। 21 फरवरी को शुभकरण की खनौरी-दातासिंह वाला बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस के साथ टकराव के दौरान मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार के मौके किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर व जोगिंदर सिंह उगराहां के अलावा आप, कांग्रेस व शिअद के नेता भी मौजूद रहे। डल्लेवाल ने कहा कि तीन मार्च को सभी संगठन शुभकरण के भोग पर उनके गांव बल्लो पहुंचेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गिरफ्तारी के बाद शाहजहां शेख पर टीएमसी की बड़ी कार्रवाई, छह साल के लिए पार्टी से निलंबित किया



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने शाहजहां शेख को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। कोलकाता में तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम पर हमले के बाद से फरार था। पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को बशीरहाट की अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### हाईकोर्ट ने दिया था निर्देश

उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था।

### मिनाखा में छिपा हुआ था शेख

पुलिस ने बताया कि शाहजहां शेख उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखा में एक घर में छिपा हुआ था, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया और 14 दिन की हिरासत की मांग की। लेकिन अदालत ने दस दिन की पुलिस हिरासत की अनुमति दी। कई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि शेख ने पुलिस के सामने ईडी पर हमले के लिए भीड़ को भड़काने का जुर्म कबूल भी कर लिया है। इससे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पटना हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में छह सदस्यीय तथ्य-खोज टीम को 1 मार्च को संदेशखाली जाने की अनुमति दी थी। टीम माझेरपारा, नतुनपारा और नस्करपारा जाएगी। इसके साथ ही न्यायमूर्ति कौशिक चंद्रा ने राज्य के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी को भी संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी थी।

## संदेशखाली मामला : 'आरोपी के लिए कोई सहानुभूति नहीं', शाहजहां शेख पर सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणी



कोलकाता। संदेशखाली मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कोर्ट को तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। यौन उत्पीड़न और भूमि मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके वकील को चार मार्च को अदालत के सामने पेश होने के लिए कहा है।

### हमें आरोपी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है- कोर्ट

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने उन्हें सोमवार को उसके सामने पेश होने के लिए कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर शाहजहां शेख ने वकील को वकालतनामा दिया होता तो उसके ठिकाने का पता चल जाता। बता दें वकालतनामा एक दस्तावेज है जिसके द्वारा वकील को अदालत के समक्ष उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत करता है।

### शाहजहां शेख को बंगाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौरतलब है कि यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को राज्य पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया था। शाहजहां शेख के वकील ने कहा कि उनके द्वारा की गई अग्रिम जमानत की अपील दो दिन पहले खारिज कर दी गई थी और उनके द्वारा किए गए चार अन्य आवेदन अभी भी अदालतों के समक्ष लंबित थे। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ 42 मामले लंबित है।

### इतने मामले की दस वर्षों तक आपके पास काम होगा- कोर्ट

संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को जुड़े मामले पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए वकील से कहा कि अगले दस वर्षों तक आपके पास काम होगा और आपको अन्य किसी ब्रीफ को संभालने का वक्त भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शाहजहां शेख से संबंधित मामलों को संभालने के लिए वकील को एक बड़ी कानूनी टीम की आवश्यकता होगी।

# आईजी एवं कलेक्टर ग्राम जोब में आयोजित न्योता भोजन में हुए शामिल

## आईजी एवं कलेक्टर ने बच्चों के साथ ग्रहण किया न्योता भोजन

राजनांदगांव (दावा)। आईजी दीपक झा एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल आज छुरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय जोब में बच्चों के लिए आयोजित न्योता भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान आईजी दीपक झा एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों को भोजन परोसकर उनके साथ पंक्ति में बैठकर न्योता भोजन ग्रहण किया। न्योता भोजन में बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, अंकुरित चना, गुड़, केला, सलाद सहित अन्य व्यंजन परोसे गए थे। आईजी एवं कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन करने वालों की प्रशंसा की। आईजी दीपक झा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत न्योता भोजन कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। न्योता भोजन पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, ताजे फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं।



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि न्योता भोजन का न्योता कोई भी व्यक्ति, समूह, समुदाय, सामाजिक संगठन, शिक्षक, भूतपूर्व विद्यार्थी, अभिभावकों द्वारा जन्मदिन, वर्षगांठ, विवाह और राष्ट्रीय पर्व सहित अन्य दिवस भी स्वेच्छा से पूर्ण भोजन या अतिरिक्त पूरक पोषण का योगदान कर सकते हैं। जिससे बच्चों को पौष्टिक, प्रोटीन युक्त भोजन मिलेगा और पूरक पोषण के माध्यम से बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करेगा। उन्होंने शिक्षकों को स्कूल में शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों का चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए अतिरिक्त पौष्टिक आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच कराने कहा, जिससे बच्चे स्वस्थ रहेंगे। साथ ही बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें सुपोषण के प्रति जागरूक करने निर्देशित किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य कन्हैया कोले, सरपंच जोब जानकारी शरण श्रीवास्तव, सरपंच पंडरापानी श्रीमती कलावती मंडावी, एमडी ठाकुर, चंद्रिका डडसेना, पुरन नेताम, रोशन साहू, संयुक्त कलेक्टर एवं परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, डीएसपी नक्सल ऑपरेशन अजीत ओगरे, उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, तहसीलदार विजय कोठारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत शालेय अवधि में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना भारत सरकार के साथ राज्य शासन की भी महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों एवं त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। न्योता भोजन पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं।

न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। न्योता भोजन समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद करेगा। यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाले भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने में मदद करेगा। यह शाला और स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल के विकास में सहायक होगा। सभी समुदाय, वर्ग के बच्चों में समानता की भावना पैदा करने में मदद करना। पूरक पोषण के माध्यम से न्योता भोजन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने में मदद करेगा।

# अजीज पब्लिक स्कूल का शैक्षिक भ्रमण

राजनांदगांव (दावा)। अजीज पब्लिक स्कूल में प्रतिमाह शैक्षिक गति विधियों का आयोजन किया जाता है। इन्हींगति विधियों के अतंर्गत छात्रों को राजनांदगांव स्थित आस्था मकूबधिर विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक, व्यवहारिक एवं सहयोग की भावना का विकास करना है।



शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सपंर्णू विकास के लिए महत्वपर्णू कड़ी है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने व दूसरों के अनभुव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वे अपनी आखों से प्रत्यक्ष रूप से किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने आस्था स्कूल के दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान अजीज पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा उन दिव्यांगों के लिए एक अभिनदंन गीत सनुाया गया। आस्था विद्यालय के छात्र अपने बीच अन्य छात्रों को पाकर खुशी से झमू उठे।

विद्यालय के छात्रों ने भी अज़ीज़ पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए एक गीत गाया। उनके इस प्रदर्शन से और उनके आत्मीय उत्साह को देखकर छात्रों के साथ गए शिक्षक भी भावुक हो गए और उन्होंने हाथ उठाकर मुस्कुराते हुए सबका अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया। संकेतों में बच्चों से उनकी कुशलक्षेम जानने के बाद सभी शिक्षकों व छात्रों ने अपने साथ लाए खाने के पेकैट उन छात्रों को वितरित किए। दिव्यांग छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों और उनके हुनर की अजीज पब्लिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने मकुत कंठ से सराहना की।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये आज से 23 मार्च तक वार्डों में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जनवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में आज 1 मार्च से 23 मार्च तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 1 मार्च को बजरंगपुर वार्ड नं. 01 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा तथा पुराना ढाबा स्कूल के पास मंच में, 2 मार्च को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व राम नगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में एवं राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाड़ी में तथा 4 मार्च को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में व महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांतिनगर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जनवरी 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## पहला कॉलम...

### एनबीआईएस बोरी में मना ग्रेजुएशन सेरेमनी

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में केजी टू के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। सेरेमनी का आरंभ सर्वप्रथम शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। केजी टू के बच्चों के लिए शाला द्वारा विशेष वेशभूषा पहनाया गया, जिससे सभी बच्चे समान रुप में दिखे। छोटे बच्चों द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी में भाषणों की प्रस्तुति दी गई। केजी टू के सभी बच्चों द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी में गीत गाया गया जिसे कक्षा शिक्षकों के द्वारा स्वरबद्ध किया गया था। हिन्दी गायन में बच्चों के गीत माता-पिता तुम्हें वंदन सुन पालक भाव विभोर हो उठे। इस पूरे आयोजन में बच्चों के पालकगण ससम्मान उपस्थित रहें। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी टू से क्लास वन में जाने पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया गया। श्री बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया गया और अपने उद्बोधन में पालको को आश्वस्त कराया गया कि संस्था सदैव बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु संस्था पूर्ण जिम्मेदार है। नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों को उचित वातावरण शाला परिवार द्वारा हमेशा दिया जायेगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल रहा। इस पूरे कार्यक्रम में प्री प्राइमरी की शिक्षिकाएँ, संगीत तथा कला के शिक्षिकों का विशेष सहयोग रहा। इस ग्रेजुएशन सेरेमनी में संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोआर्डिनेटर अभिजित मुखर्जी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।



### निगम की बजट बैठक 06 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम की बजट बैठक 06 मार्च बुधवार को प्रातः 10:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आहूत की गई है । बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2023-24 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। बजट बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता ने बताया कि प्रातः 10:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा बैठक के प्रारंभ में बजट प्रतिवेदन का पठन किया जायेगा। पठन उपरांत चर्चा पश्चात निर्णय लिया जावेगा। उन्होनें महापौर सहित निगम आयुक्त, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों व पत्रकार बंधुओं एवं अधिकारियों कर्मचारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# कल से कोपेडीह में श्रीशिव महापुराण महायज्ञ प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। देवादा चौक से लगे ग्राम कोपेडीह में कल 2 मार्च (शनिवार) से 8 मार्च (शुक्रवार) तक सात दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

आज परम् पूज्य भगवताचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी को शिव महापुराण हेतु श्रीफल प्रदान कर संकल्प लिया गया। इस पूण्य आयोजन में समस्त भक्त श्रद्धालु जन तन-मन-धन धान्य से सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनावें।




**कार्यालय ग्राम पंचायत मुढ़ीपार**
**जनपद व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत मुढ़ीपार को जनपद पंचायत के 15वें वित्त मद से माईक सेट राशि रू. 50000/- का क्रय किया जाना है। इच्छुक निविदादाता/फर्मों से अपनी निविदा दरें निविदा प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर प्रस्तुत करें।
टीपः- निविदा से संबंधित नियम व शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत मुढ़ीपार — सरपंच, ग्राम पंचायत मुढ़ीपार



**कार्यालय ग्राम पंचायत मनगटा**
**जनपद व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है , कि ग्राम पंचायत मनगटा को जनपद पंचायत के 15वें वित्त मद से स्टेशनरी सामान राशि रू. 50000/-, वाटर कूलर राशि रू. 40000/- एवं सोलर स्ट्रीट पेनल लाईट राशि रू. 50000/- का क्रय किया जाना है। इच्छुक निविदादाता/फर्मों से अपनी निविदा दरें निविदा प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर प्रस्तुत करें।
टीपः- निविदा से संबंधित नियम व शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत मनगटा — सरपंच, ग्राम पंचायत मनगटा



**कार्यालय ग्राम पंचायत बघेरा**
**जनपद व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है , कि ग्राम पंचायत बघेरा को जनपद पंचायत के 15वें वित्त मद से सोलर स्ट्रीट लाईट पैनल राशि रू. 50000/- का क्रय किया जाना है। इच्छुक निविदादाता/फर्मों से अपनी निविदा दरें निविदा प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर प्रस्तुत करें।
टीपः- निविदा से संबंधित नियम व शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत बघेरा — सरपंच, ग्राम पंचायत बघेरा



**कार्यालय ग्राम पंचायत जोरातरई**
**जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत जोरातरई को जनपद पंचायत के 15वें वित्त मद से संगीत वाद्य यंत्र राशि रू. 45000/- एवं सोलर स्ट्रीट लाईट राशि रू. 50000/- का क्रय किया जाना है। इच्छुक निविदादाता/फर्मों से अपनी निविदा दरें निविदा प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर प्रस्तुत करें।
टीपः- निविदा से संबंधित नियम व शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सचिव, ग्राम पंचायत जोरातरई — सरपंच, ग्राम पंचायत जोरातरई



**कार्यालय अधीक्षक उप जेल डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

निविदा-सूचना
परिशिष्ट-2
(नियम 4.4.2)
वार्षिक / अर्धवार्षिक ठेका वर्ष 2024-2025 प्रथम बार

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 60/2024 — डोंगरगढ़ दिनांक 14.02.2024

उप जेल डोगरगढ़ जिला राजनांदगाव छ.ग. में परिरूद्ध बंदियों के लिये खाद्यान एवं अन्य आवश्यक सामग्रियां क्रय किये जाने हेतु निविदाएं सील बंद लिफाफे में दिनांक 14.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र, जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित) रूपये 5000-00 (पांच हजार रूपये मात्र ) नगद भुगतान कर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे के मध्य दिनांक 13.03 2024 तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि दिनांक 13.03.2024 दोपहर 01.00 बजे तक।
निविदा जमा करने तिथि 14.03.2024 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 14.03.2024 सायंकाल 5.00 बजे, स्थान उप जेल डोगरगढ़

जेल अधीक्षक
उप जेल डोंगरगढ़
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 08186/2



**Public Works Department**
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail: tenders-pwd.cg.gov.in

NIT No.490/TC/EinC/PWD/2023-24 — Dated- 26.02.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Kanker, Bijapur, Kondagaon, & Rajnandgaon** for construction of **01 Road & 09 Bridges** with estimated cost amounting **Rs 4455.07 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid, however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 28.02.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 15.03.2024 For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder isrequired to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities. The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (iu) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shallbe declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G- 08203/4



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड** (CSPDCL)
छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग, डोंगरगांव**

क्रं.-कार्य-अभि./सामा/ — **// विद्युत बंद की सूचना //** — डोंगरगांव, दिनांक 29/02/2024

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दिनाक 02.03.2024 को 132 केव्ही पार्रीनाला (राजनांदगांव) सब स्टेशन में अतिआवश्यक कार्य किया जाना है। जिस कारण से प्रातः 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगा। अतः 132 केव्ही. अमलीडीह डोंगरगांव उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 केव्ही. सूखानाला फीडर एवं 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र गैंदाटोला, हाटबंजारी, चिल्हाटी एवं 33 केव्ही छुरिया फीडर से संबंधित अरसीटोला की विद्युत सप्लाई भी बंद रहेगी एवं राजनांदगांव संभाग के अतंर्गत 33 केव्ही तुमड़ीबोड़ फीडर-1 एवं 33 केव्ही औद्योगिक फीडर-2 एवं 33 केव्ही अर्जुनी फीडर एवं डोंगरगांव, चौकी, बांधाबाजार, खुज्जी उपकेंद्र से संबंधित समस्त 33/11 केव्ही फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

असुविधा के लिए खेद है।
''बचाओ बिजली और पानी, जीवन में न हो परेशानी''
टीप - आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई बढ़ाई जा सकती है।

पी.सी. साहू (91547124)
कार्यपालन अभियंता (सचा./संधा) संभाग
छ.ग. स्टेट, पावर डिस्ट्री कंपनी लिमि डोंगरगांव


# उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 8 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत डोंगरगढ़ नगर पालिक परिषद के वार्ड क्रमांक 22 एवं वार्ड क्रमांक 15 तथा ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में शासकीय उचित मूल्य दूकान संचालन हेतु 8 मार्च तक आवेदन पत्र आमंत्रित है।

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
0-1-2
168-5 457-6
राजधानी
4-5-7
368-7 144-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 18.03.2024 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सिस्टम निविदा क्र. 153362/निविदा सूचना क्रं. 29/वलेलि/2023-24 राजनांदगांव दिनांक 28.02.2024 | राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया की भण्डारी भरदा जलाशय का जीर्णोद्वार एवं आर.बी.सी. नहर आर.डी. 0 मी. से 4770 मी. और एल.बी.सी. आर.डी. 0 मी. से 2900 मी. तक सीमेंट क्रांक्रीट नहर लाईनिंग तथा 01 नग एक्वाडक्ट 03 नग पुलिया निर्माण एवं 05 नग पुराने स्ट्रक्चर्स का मरम्मत कार्य। | राशि रू. 382.50 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |
| सिस्टम निविदा क्र. 153365/निविदा सूचना क्रं. 30/वलेलि/2023-24 राजनांदगांव दिनांक 28.02.2024 | राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगढ़ की तेन्दुभाठा जलाशय के मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 5850 मी. तक लाईनिंग कार्य, 01 नग इनलेट, 08 नग व्ही.आर.बी., 01 नग एक्वाडक्ट, 04 नग फाल, 350 मीटर पाईप लेयिंग एवं 40 नग आउटलेट का निर्माण कार्य। | राशि रू. 258.11 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.03.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

जी- 08199/4



**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स ( सेन्ट्रल ) रूल्स 1956 के अंतर्गत ''दावा'' दैनिक समाचार पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा पत्र ( फार्म 4, नियम 8 )**

1. प्रकाशन का स्थान - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )
2. प्रकाशन की नियत अवधि - प्रातःकालीन दैनिक
3. मुद्रक का नाम - दीपक कुमार बुद्धदेव ( स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स )
   राष्ट्रीयता - भारतीय
   पता - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )
4. प्रकाशक का नाम - दीपक कुमार बुद्धदेव
   राष्ट्रीयता - भारतीय
   पता - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )
5. सम्पादक का नाम - दीपक कुमार बुद्धदेव
   राष्ट्रीयता - भारतीय
   पता - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं और उन भागीदारों या शेयरधारकों के, जो कुल पूंजी के 1 प्रतिशत से अधिक अंश के धारक हैं, नाम और पते। - X

मैं दीपक कुमार बुद्धदेव घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई विशिष्टियां मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं।

दिनांक 29 फरवरी 2024 — दीपक कुमार बुद्धदेव, प्रकाशक



dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 1 से भव्य शुभारंभ — रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म
राजेश मारू प्राडक्शन कृत
मांग सजा दे सजना
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



silver SCREEN — SILVER SCREEN Multiplex
1st March to 7th March 2024




Rakshanam (Hindi) - 12:00 pm
Operation Velentine (Hindi) - 03:00 and 09:00 pm
Dune Part Two (Hindi) - 12:15 and 06:15 pm
Crakk Jeetega Toh Jiyegaa - 06:00 pm
Article 370 - 03:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# आईजी और कलेक्टर जिले के अंतिम छोर ग्राम जोब में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचे

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतिम छोर छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत जोब में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शासन के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जनसमस्या निवारण शिविर से बहुत फायदा मिलता है। उन्होंने इसका अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम अंतर्गत नवा बिहान पुलिस और ग्रामीणों के बीच विश्वास बनाये रखने में मदद करता है, क्योंकि इसके लिये पुलिस को सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने समुदाय के साथ मिलकर सहयोग करते हुए कार्य करने की आवश्यकता होती है। जिसका उद्देश्य जीवन और सुरक्षा की भावना की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में लर्निंग लायसेंस बनाया जा रहा है। जिनका नहीं बना है वे स्टॉल में जाकर लर्निंग लायसेंस जरूर बनाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। उन्होंने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करने कहा। शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी और वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी नहीं करने की समझाईश दी। जिससे दुर्घटना से बचा जा सकता है। इस अवसर पर गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई। जिससे उनका शिशु हृष्ट-पुष्ट जन्म ले।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासकीय योजनाओं से जोड़ने और लाभान्वित करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय जानकारी के साथ स्टॉल में उपस्थित है। इसका अधिक से अधिक लाभ जनसामान्य जरूर लें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य यहां लगाए गए स्टॉल का अवलोकन करें, हो सकता है कि कोई ऐसी योजना होगी, जो आपके लिए लाभकारी होगी। जो योजना का लाभ ले रहे हैं उस योजना की जानकारी अच्छे से लेने कहा। उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन

**ग्राम पंचायत जोब में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित**




द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना परम्परागत हुनरमंद शिल्पकारों एवं कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना में पंजीयन कराने पर शिल्पकारों और कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को हुनर के आधार पर उपकरण एवं मशीन के लिए ऋण उपलब्ध कराने के साथ जरूरत के आधार पर टूलकिट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। उन्होंने श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से श्रमिक परिवारों की बेटियों को शिक्षा, रोजगार और विवाह में सहायता प्रदान करने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में 20-20 हजार रूपए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में राजस्व विभाग के स्टॉल में 59 लोगों का फौती नामांतरण का कार्य किया गया। जिससे लोगों को राहत मिली है। उन्होंने नागरिकों से आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने के लिए कहा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने सिकल सेल, बीपी, शुगर, खून जांच अवश्य कराने कहा। उन्होंने हर घर में मुनगा का पेड़ लगाने कहा। उन्होंने मुनगा के फायदों के संबंध में महिलाओं को जानकारी दी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शासन की महतारी वंदन योजना के संबंध में महिलाओं से प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि राशि की बचत करें तथा अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए पौष्टिक आहार लें, ताकि बच्चे का स्वास्थ्य भी अच्छा रहे। हरी सब्जी, दाल, सोयाबीन, मुनगा जैसे प्रोटीन व विटामिन युक्त पौष्टिक खाद्य सामग्री को अपने आहार में शामिल करें। प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई के लिए करें। कलेक्टर ने किसानों से बातचीत की और उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मक्के की खेती में फायदा है। उन्होंने कहा कि शिविर में लर्निंग लायसेंस बनाया जा रहा है। वाहन चालक अपना अवश्य लायसेंस अवश्य बनाए और वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने कहा। जिससे दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि पानी समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने लघु वनोपज की उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने शिविर में उपस्थित नागरिकों से कहा कि जिस कार्य के लिए आएं उस कार्य को पूरा करके ही जाएं।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह कहा कि जिला प्रशासन आपकी समस्याओं एवं शिकायतों को दूर करने ग्राम पंचायत जोब पहुंचा है। इसका भरपूर फायदा उठाने कहा। शिविर में शासन की सभी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने शासन की योजनाओं का अच्छे से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अग्निवीर थल सेना का पंजीयन शुरू आज से शुरू हो गया है। इसका पंजीयन हर स्कूल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती का एक अच्छा मौका है। इसका लाभ अधिक से अधिक लेने कहा।

जिला स्तरीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया। खाद्य विभाग के स्टॉल में राशन कार्ड का नवीनीकरण से किया गया। राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, जल संसाधन, परिवहन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग एवं व्यापार विभाग एवं अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत 64 लाख 14 हजार रूपए की लागत से 72 कार्य स्वीकृत किए गए। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजनांतर्गत हेमा निषाद, नेहा निषाद, सानिया कोर्राम, तन्नू साहू एवं भावना कोमरे को 20-20 हजार रूपए का चेक वितरण किया गया। राजस्व विभाग के स्टॉल में 59 फौती नामांतरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत श्रीमती खोमान्तिन और श्रीमती रामकुंवर साहू को गैस कनेक्शन और चूल्हा वितरण किया गया। पंचायत विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण, मत्स्य विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को स्प्रेयर, मक्का बीज तथा उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में जैविक खाद एवं बीज का वितरण किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस बनाकर वितरण किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम नवा बिहान के अंतर्गत खेल सामग्री, मच्छरदानी, गैती, बर्तन, साड़ी, शाल, फावड़ा का वितरण ग्रामीणों को किया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों का सम्मान हुआ

**राजनांदगांव (दावा)। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह भाजपा कार्यालय दुर्ग में आहूत किया गया।**




मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज गुरुवार 29 फरवरी को सुबह 11 से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों का सम्मान जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शाल श्रीफल देकर सम्मान किया, जिसमें प्रमुख रूप से अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रेखा पदम, वॉलीबॉल खिलाड़ी भावना रगड़े, वॉलीबॉल खिलाड़ी संध्या धुर्वे एवं भारतोलन में कुमारी ज्ञानेश्वरी यादव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए सम्मान किया गया, इसी तरह राष्ट्रीय स्तर की 16 महिला खिलाड़ियों का भी सम्मान हुआ। सम्मान के इस आयोजन में राजनांदगांव से महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण साहू, महामंत्री पारुल जैन एवं देवकुमारी साहू शामिल हुए एवं खिलाड़ियों का सम्मान भी किया।

## पुलिस ने सेठीनगर के अवैध शराब बेचने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने सेठी नगर लखोली नाका वार्ड नंबर 36 निवासी दो अवैध शराब बेचने वाले आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी का नाम गौतम सिन्हा पिता नेहरू सिन्हा (23 वर्ष) व अजय ढीमर पिता दुर्गा ढीमर (19 वर्ष) दोनों निवासी सेठीनगर लखोली नाका बताया जाता है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर आरोपियों को पकड़ने उनके नेतृत्व में एक टीम कि गठन किया गया और सिंगदई चौक में ई-रिक्शा में रखकर अवैध शराब बेच रहे आरोपियों को धर दबोचा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2560/ रूपये व शराब बिक्री के नगदी रकम 28300 रूपये एवं ई रिक्शा क्रमांक सीजी 08 एक्स 0515 कीमत 1 लाख 75 हजार रूपये जप्त किया है।

**आरोपियों से देशी अवैध शराब व ई-रिक्शा जब्त**

## नाबालिक को शादी झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर ले जाने वाले और उसके साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम गोपी कोल पिता कैलाश राम (20 वर्ष) निवासी तखतपुर तथा हाल मुकाम रायपुर बताया जाता है।

छुरिया पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अपने थाना क्षेत्र में उक्त नाबालिक लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने और उससे देह व्यापार कराने वाले महिला को पिछले दिनों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस संबंध में पीड़िता का विधिवत कथन लेख करने पर कई खुलासे किए गए। जिसमें बताया गया कि रायपुर का गोपी कोल द्वारा गत 28 जनवरी को उसे बहला फुसला कर उनके साथ संबंध बनाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग द्वारा शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में एवं सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर थाना छुरिया पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया और गुरुवार 29 फरवरी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, सहायक उप निरीक्षक सत्तुलाल कंवर, आर भुनेश्वर वर्मा का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस ड्रॉइंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया



राजनांदगांव (दावा)। इंदमारा अजीज पब्लिक स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस के ड्रॉइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को आईबी ग्रपु ने आयोजित किया था। प्रतियोगिता में कक्षा 4.5 में विजेताओं में शामिल थे तशिमया खान, आलिया अजंमु, और मलक फातिमा। कक्षा 6.7 में टास्किम खान, बशुरा खान, आलिया अनियम, कविका पटेल, और समिया खातून ने अपनी कला से सबको प्रभावित किया। कक्षा 8.9 में सानिया खान, तारिका साहू, और हुमैरा गोरी ने अपने नाम को गर्वित किया। इस अवसर पर स्कूल निर्देशक श्रीमती तनाज अजीज ने सभी विजेताओं को पोषण किट दिए। प्रतियोगिता का उद्देश्य था छात्रों को पोषण की महत्व को बढ़ावा देना और उन्हें कला में रुचि बढ़ाने का अवसर प्रदान करना। स्कूल प्राचार्य सचिन पाल सिहं ठाकुर ने इस मौके पर सभी छात्रों को सम्मानित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एमआईसी में निर्णय के बाद कर वसूली के लिए निकाला गया टेंडर- आयुक्त

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में कर वसूली के लिए बाहरी ठेकेदारों को दिए गए टेंडर को लेकर मामला गरमाया हुआ है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा सहित 8 पार्षदों का आरोप है कि बाहर के कम्पनी को कर वसूली के लिए लोगों के घरों में घुसा रहे है। नाप-जोख करा रहे है जो कि उचित नहीं है। पार्षदों का यह भी कहना है कि जब से बाहरी ठेकेदार कर वसूली का काम प्रारंभ किए है। नगर में चोरी की वारदात बढ़ गई है। इससे नगर में लोगों की सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है। इस मामले को लेकर पार्षदगण आन्दोलनात्मक रूख अख्तियार किए हुए है तथा निगम आयुक्त से तत्सम्बंधित नस्ती का अवलोकन के लिए मांग की गई है।

इस पर मीडिया द्वारा निगमायुक्त अभिषेक गुप्ता से बात किए जाने पर उन्होंने कहा कि पार्षदों द्वारा लोगों से दादागिरी से कर वसूली की शिकायत करना गलत है। कर वसूली करने वालों से जनता पूरी तरह सहयोग कर रही है तथा उनसे किसी प्रकार की शिकायत नहीं है। यदि कम्पनी के लोगों का जनता से अभद्र व्यवहार होगा तो उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। निगमायुक्त ने मीडिया वालों से कहा कि पार्षदों द्वारा कम्पनी को कर वसूली की ठेका देने के सम्बंध में जो भी आरोप लगाया जा रहा है। वह निराधार है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कर वसूली के लिए कम्पनी को ठेका देने के संदर्भ में एमआईसी में निर्णय हुआ है। एमआईसी में स्वीकृति के बाद ही वर्क आर्डर हुआ है। जो

**नस्ती के अवलोकन के लिए पार्षदों को भेजा गया**

भी हुआ है ग्लोबल टेंडर से हुआ है। इसके बाद ही हम लोगों ने उन्हें अधिकृत किया है। कम्पनी को कर वसूली के लिए बकायदा टेंडर दिया हुआ है। कर वसूली करने वालों को आई कार्ड जारी किया गया है और वे काम कर भी रहे है। और जनता भी इसमें पूरा सहयोग कर रही है।

आयुक्त ने दादागीरी से कर वसूली की शिकायत को पूरी तरह गलत बताया व कहा कि कई घरों का सम्पत्ति कर बकाया है। सम्पत्तिकर नहीं दिया जा रहा है। कई घर छुटे हुए है जो सम्पत्ति कर के दायरे में आते है। टेंडर का काम पूरी तरह विधिवत हुआ है। इससे और निगम की आय बढ़ेगी और हम लोग जनता की बेहतर सेवा कर सकेंगे।

### नस्ती अवलोकन कर लेवे

निगमायुक्त में नस्ती अवलोकन के सवाल पर कहां कि वैसे तो किसी को नस्ती का अवलोकन उपलब्ध कराते नही है। यदि वे लोग नस्ती को देखना चाहते है तो वे आकर उसे देख ले। श्री गुप्ता ने एसपी से शिकायत की बात को हास्यास्पद बताया और कहा कि यदि उनकी शिकायत है तो हमारे बड़े अधिकारियों को शिकायत करें। उन्होंने कहा कि उनका क्या मोटिव है मुझे समझ में नहीं आता है। इस सम्बंध में जब भी सामान्य सभा होगी पार्षदों के मध्यम में रखेंगे।

घर के मापने के सम्बंध में कहा कि उनको हमने अधिकृत किया है पहले वो हमसे सहमति लेते उसके बाद काम करते है। सभी कार्य सहमति लेकर कर रहे है। इस सम्बंध में अब तक कही कोई शिकायत नहीं मिली है। घटना कृत्य नहीं हो सकता। यदि कोई व्यक्ति ऐसे गलत तरीके से जनता से पेश आएगा और उनसे शिकायत मिलती है तो उस व्यक्ति पर सख्त कार्वाही करेंगे।

## बॉलीवुड फिल्म 'संदेह' सस्पेंस म्यूजिकल थ्रिलर है एक कम्पलीट पैकेज- संजय राय



**युवाओं के संघर्ष को रेखांकित करती फिल्म 'संदेह'**

राजनांदगांव (दावा)। संजय राय द्वारा प्रस्तुत इम्पल्स सिने इंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म 'सन्देह' आज एक मार्च को अखिल भारतीय स्तर देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संजय रॉय का कहना है कि फिल्म सभी वर्गों के द्वारा पसंद की जाने वाली है ये एक सस्पेंस म्यूजिकल थ्रिलर है एक कम्पलीट पैकेज। फिल्म 'संदेह' के निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया यह फिल्म युवाओं पर आधारित है, जिसमे उत्कृष्ट गीत- संगीत के साथ थ्रिल, सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी। ये फिल्म परिवार के साथ देखी जा सकती है। फिल्म 'संदेह' की लेखिका श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि यह फिल्म युवाओं पर आधारित है। आज कल की भाग दौड़ भरी जिंदगी और बदलते सामाजिक परिवेश में युवा खुद को बेहतर साबित करने और तरक्की करने की दौड़ में भटक कर गलत रास्ते को अपना लेता है और गलत रास्ते से कैसे वापस लौटता है, यह सब कुछ इस फिल्म में दिखाया गया है। भटके हुए युवाओं को सही रास्ता दिखाने का संदेश देती है फिल्म 'संदेह'। फिल्म निर्देशक अयाज खान ने बताया कि फिल्म 'संदेह' सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया की इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ, सीतापुर, उत्तरांचल नैनीताल आदि सुंदर लोकेशन पर की गई है। फिल्म 'संदेह ' में रिया कपूर, पुलकित रायजादा, पवन विक्रम, नीतीश भलुनी, गौरव कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, सोनम सैनी, दुष्यंत सिंह, शिवानी सौम्या, लोकेश मोहन खट्टर और संजय रायजादा ने अभिनय किया है। फिल्म अभिनेता पवन विक्रम ने बताया कि यह फिल्म युवाओं को सही रास्ता दिखाने का काम करेगी। यह फिल्म युवाओं के संघर्ष की दास्तान है। फिल्म 'संदेह' में कालेज की स्टूडेंट वान्या नाम की लड़की का किरदार निभा रहीं फिल्म अभिनेत्री रितिका गुप्ता ने बताया कि स्टूडेंट छुट्टियां मनाने अपने दोस्तों के साथ बाहर जाते हैं जहां उनके साथ कुछ अप्रत्याशित घटनाएँ घटित हुईं। सन्देह का अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमारी निर्माता टीम और अभिनेताओं की पूरी टीम ने बहुत समर्थन किया। बहुत कुछ सीखने को मिला। पूरी टीम ने काफी मेहनत की है। फिल्म की कहानी काफी अच्छी है और काफी अलग भी है। आज की फिल्म के विपरीत एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें आज कल युवाओं के लिए एक संदेश भी है।

फिल्म 'संदेह ' में विलेन की भूमिका निभा रहे फिल्म अभिनेता गौरव कुमार ने बताया कि फिल्म संदेह में उनका रोल चौकीदार का है, जो की बहुत खतरनाक रोल है। मेरी पिछली फिल्मों से सबसे डिफरेंट रोल है इसमें अपनी आयु से ज्यादा आयु का कैरेक्टर है, उसको निभाने की कोशिश की है। इसमें सबसे इंटरेस्टिंग बात मेरी कॉस्ट्यूम बिल्कुल अलग है, उसमें लिखा है जो तेरा था वह मेरा होगा, यह मेरी टैगलाइन है। मेरी पहले की फिल्म रायबरेली, सीतापुर सिटी ऑफ गैंगस्टर, अन्नते, प्यारा कुल्हड़ उन सब से अलग कैरेक्टर है। सन्देह मूवी में काम करके मुझे सच में बहुत अच्छा लगा, बडा मजा आया, एक अलग टाइप का कैरेक्टर जीने का मौका मिला।

## आयुक्त आज अल सुबह ग्रामीण वार्ड सिंगदई, मोहड़, मोहारा व हल्दी में सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**जल संयंत्रगृह मोहारा का जायजा लेकर गर्मी में पर्याप्त पेयजल के लिये आवश्यक व्यवस्था के दिये निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज अल सुबह अधिकारियों के साथ ग्रामीण वार्ड सिगदई, मोहड, मोहारा व हल्दी बस्ती में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता सिंगदई में निर्माणधीन निषाद समाज के भवन व खेल मैदान का निरीक्षण किया और प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा कि सामाजिक भवन के कार्य में तेजी लाने संबधित ठेकेदार को निर्देशित करें तथा खेल मैदान का निर्माण खिलाड़ियों की भावनाओं के अनुरूप करें जिससे खिलाड़ियों को उसका लाभ मिल सके। हल्दी में मुक्तिधाम उन्नयन, उद्यान व नाला निर्माण कार्य में भी समय सीमा का ध्यान रखते हुये कार्य कराये, संबंधित उप अभियंता प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग करें ताकि नक्शा अनुरूप निर्माण हो सके तथा तराई करने ठेकेदार को निर्देशित करें।

आयुक्त श्री गुप्ता जल संयंत्रगृह मोहारा निरीक्षक के दौरान कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, प्लांट के प्रभारी ने तीन शिफ्ट में कार्य होने एवं प्रत्येक कर्मचारियों द्वारा करने वाले कार्यो की जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, मशीन आदि को दुरूस्त रखे, जिससे आम जनता को गर्मी में सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने मोहड में बने एफएसटीपी का जायजा लेकर शहर से आने वाले गंदे पानी के शुद्धीकरण प्रक्रिया की जानकारी लेकर कहा कि, फिल्टर उपरांत साफ पानी की निकासी करे जो सिंचाई व तराई के काम आ सके। साथ ही निकलने वाले खाद को बेचने की प्रक्रिया करे।

ग्रामीण वार्डो में सफाई व्यवस्था देख स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा कि चुकि यह श्रमिक बाहुल्य बस्ती है इस कारण साफ सफाई की समुचित व्यवस्था हो, गडढों में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो, संक्रामक बीमारी न फैले इसका विशेष ध्यान रखा जावे और साफ सफाई रखने, बीमारी से बचने लोगों को समझाईस देवे। उन्होंने सफाई कर्मियों का उपस्थिति पत्रक देख निष्ठा की जानकारी लिये और कहा कि बिना निष्ठा के हाजरी पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे।

उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाईजरों को निष्ठा हाजरी के लिये निर्देशित करें। मोहारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण प्रतिदिन करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश सेन्टर प्रभारी को दिये। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी उपस्थित थे।

## ईश्वर दास मेश्राम का छालीवुड में प्रवेश



राजनांदगांव (दावा)। काकेतरा के पूर्व प्रधानपाठक ईश्वर मेश्राम आज रिलीज हो रही छत्तीसगढ़ी फिल्म मांग सजा दे सजना छत्तीसगढ़ के सभी सिनेमाघर में प्रदर्शित हो रही है जिसमें महंती भूमिका अदा कर रहे हैं। ईश्वर मेश्राम प्रारंभ से ही कला प्रेमी व कई नाट्य एवं लोककला में अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान कर चुके हैं वे राजनांदगांव जिले के साहित्य के क्षेत्र में विशेष रूचि रखते हैं। पेटी ग्रुप के सदस्य मेश्राम जी लोककला अनुराग धारा में अपनी कला बिखरते रहे हैं। इस अवसर पर सभी स्नेहजनी वह सहपाठी लोगों ने ईश्वर मेश्राम को बधाई प्रेषित की व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजनांदगांव शहर के व जिले के सभी सिनेमा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में फिल्म देखने का अनुरोध भी किया गया। मांग सजा दे सजना फिल्म के निर्माता राजेश मारू एवं निर्देशक रोहित चंदेल तथा संगीत निर्देशक तरुण गढ़पायले व श्याम हजरा है फिल्म को बहुत ही रोचक ढंग से फिल्माया गया है।

## अनमोल दावा

**समय का चक्र बहुत तेज चनता है, इसलिए ना तो अपने बल का अहंकार करें और ना ही अपने धन का।**

## गगनयान की कामयाबी से भारत, अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों की श्रेणी में शुमार हो जाएगा

अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना भारत का पुराना सपना है। हालांकि इसके लिए संघर्ष लंबे समय से चलता आ रहा है, मगर जबसे भारतीय वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से अंतरिक्ष यान और उपग्रह प्रक्षेपण यानों के लिए क्रायोजेनिक इंजन का विकास किया है, तबसे इस दिशा में उल्लेखनीय सफलताएं मिली हैं।

चंद्रयान और आदित्य एल-वन की कामयाबी के बाद निस्संदेह अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के हौसले बुलंद हैं। अब गगनयान मिशन को लेकर उत्साह नजर आने लगा है। प्रधानमंत्री ने इस मिशन पर जाने के लिए चार वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा भी कर दी है। वैज्ञानिक इस मिशन को लेकर खासे सावधान हैं। गगनयान की बनावट कुछ इस तरह तैयार की गई है कि उसमें यात्रा करते हुए यात्रियों को पृथ्वी जैसे वातावरण का अनुभव हो और उन्हें सुरक्षित उतारा जा सके।

फिलहाल एहतियात के तौर पर तीन मिशन भेजे जाएंगे, जिनमें से दो मानव रहित होंगे और एक में तीन यात्रियों को तीन दिन के लिए भेजा जाएगा। उन्हें समुद्र या पृथ्वी की सतह पर सुरक्षित उतार लिया जाएगा। इसके लिए तैयार किए गए गगनयान का परीक्षण सफल रहा है। यानी सब तरफ से इस मिशन की तैयारियां पूरी हैं, केवल इसके उड़ान का समय तय होना है।

दरअसल, गगनयान मिशन को इसलिए महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है कि यह भारत का पहला मिशन होगा, जिसमें मानवयुक्त यान अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस यान को पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। इस तरह भारत अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों की श्रेणी में शुमार हो जाएगा, जो अभी तक मानवयुक्त अंतरिक्ष यान भेज चुके हैं।

दूसरी उल्लेखनीय बात यह है कि भारत अगले दस वर्षों में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना चाहता है। उसमें गगनयान का योगदान महत्त्वपूर्ण होगा। अंतरिक्ष स्टेशन का मकसद दरअसल, वहां रह कर अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझाना है। अभी तक भेजे गए अंतरिक्ष यानों से प्राप्त जानकारियां बहुत सीमित हैं, जबकि अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है।

दुनिया भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के जिज्ञासा का विषय है कि अंतरिक्ष में क्या कोई ऐसा भी ग्रह है, जिस पर मनुष्य जैसे प्राणी रहते हैं या जहां मनुष्य के रहने की संभावना हो सकती है। अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो जाने से अंतरिक्ष के कई अछूते पक्षों को भी जानने-समझने का मौका मिल सकता है। उसमें गगनयान वैज्ञानिकों के स्टेशन तक आवागमन का माध्यम बन सकता है। फिर, दुनिया की बदलती स्थितियों में अंतरिक्ष अनुसंधान केवल अंतरिक्ष के रहस्यों को खोलने तक सीमित नहीं है। यह एक विस्तृत कारोबार का रूप ले चुका है। पृथ्वी पर खनिजों की उपलब्धता सीमित है, जबकि मनुष्य की जरूरतें असीमित। ऐसे में दूसरे ग्रहों पर उपलब्ध खनिजों का दोहन भी भविष्य का एक सपना है। इसके लिए दुनिया की कई निजी कंपनियां भी अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपने पांव पसार रही हैं। चंद्रमा और मंगल ग्रह पर ऐसे कुछ उपयोगी खनिजों के बारे में पता भी चला है। फिर, दूसरे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाना भी दुनिया की अनेक सरकारों का सपना है। भारत भी इसे लेकर उत्साहित है। ऐसे में गगनयान की कामयाबी भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में ऐतिहासिक और भविष्य की चुनौतियों के लिहाज से बहुत उपयोगी साबित होगी। गगनयान के अब तक के परीक्षणों से यह उत्साह स्वाभाविक है कि इसमें सफलता मिलेगी।

# कश्मीर के मुद्दे पर भारत और तुर्की एक बार फिर आमने-सामने

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में तुर्की और पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकारों को लेकर सवाल उठाया और भारत को घेरा था.संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान और भारत के बीच बयानबाज़ी आमतौर पर होती रहती है.हालांकि कश्मीर के मुद्दे पर तुर्की ने पहले भी भारत पर सवाल उठाए थे.

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार परिषद में भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने राइट टू रिप्लाई के तहत तुर्की और पाकिस्तान को जवाब दिया है.

अनुपमा सिंह ने कहा, सबसे पहले तो भारत के आंतरिक मामले पर तुर्की के टिप्पणी करने का हमें अफ़सोस है. हमें उम्मीद है कि तुर्की भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर गैर-ज़रूरी बयान देने से बचेगा.

इस लेख में Twitter से मिली सामग्री शामिल है. कुछ भी लोड होने से पहले हम आपकी इजाज़त मांगते हैं क्योंकि उनमें कुकीज़ और दूसरी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया हो सकता है. आप स्वीकार करने से पहले Twitter cookie policy और को पढ़ना चाहेंगे. इस सामग्री को देखने के लिए अनुमति दें और जारी रखें को चुनें.

अनुपमा सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने कई संदर्भ में भारत का नाम लिया है. उसने एक बार फिर मानवाधिकार परिषद के मंच का ग़लत इस्तेमाल झूठे आरोप लगाने के लिए किया है.

अनुपमा सिंह ने कहा, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है. केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में सामाजिक-आर्थिक विकास और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने जो क़दम उठाए हैं, वो हमारा आंतरिक मामला है. पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है.

पाकिस्तान को घेरते हुए अनुपमा सिंह कहती हैं, एक ऐसा देश जिसने अपने ही अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को संस्थागत बना दिया है और जिसका मानवाधिकार रिकॉर्ड इतना ख़राब है कि उसका भारत पर टिप्पणी करना, विडंबनापूर्ण ही है बल्कि अमान्य भी है. इसका उदाहरण है कि साल 2023 के अगस्त में पाकिस्तान के जारनवाला शहर में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई क्रूरता... जब 19 चर्च जला दिए गए और 89 ईसाई लोगों के घर जला दिए गए थे.अनुपमा सिंह बोलती हैं, पाकिस्तान वो देश है जो संयुक्त सुरक्षा परिषद की ओर से आतंकवादी घोषित किए गए लोगों को पनाह देता है और वह भारत पर आरोप लगा रहा है जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के सामने है.उन्होंने कहा, हम उस देश की बातों पर और वक्त बर्बाद नहीं कर सकते जो दुनिया भर में प्रायोजित आतंकवाद के खून से सना हुआ है, क़र्ज़ में डूबा हुआ है और अपने ही देश के लोगों के हितों की रक्षा करने में नाकाम हुआ है.पाकिस्तान और भारत के बीच पहले भी ऐसे आरोप-प्रत्यारोप पहले भी होते रहे हैं. मगर तुर्की के मामले में ऐसा नहीं है. तुर्की की ये नाराज़गी ऐसे वक़्त में देखने को मिल रही है, जब कुछ दिन पहले ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस भारत के दौरे पर थे. तुर्की और ग्रीस के बीच लंबे समय से दूरियां रही हैं. अगस्त 2020 में भी दोनों देशों के बीच ऊर्जा संसाधनों की होड़ देखने को मिली थी.



बीते साल 2023 में पीएम मोदी 40 सालों में ग्रीस जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे. तब ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोउलू ने पीएम मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया था.

पीएम मोदी के ग्रीस दौरे को पाकिस्तान-तुर्की की दोस्ती का जवाब माना गया. ऐसे में जब सितंबर 2023 में तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने आए तो ये माना जा रहा था कि दोनों देशों के संबंध और बेहतर होंगे.तुर्की में आए भीषण भूकंप के बाद मदद पहुंचाने वाले देशों में भारत भी शामिल रहा था.

हालांकि जब मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधानों को ख़त्म किया था, तब तुर्की की सख़्त प्रतिक्रिया संयुक्त राष्ट्र में देखने को मिली थी.राष्ट्रपति अर्दोआन ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पिछले 72 सालों से कश्मीर समस्या का समाधान खोजने में नाकाम रहा है.

तब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था, भारत और तुर्की में दोस्ताना संबंध हैं. लेकिन छह अगस्त के बाद से हमें खेद है कि तुर्की की तरफ़ से भारत के आंतरिक मामले पर लगातार बयान आए हैं. ये तथ्यात्मक रूप से ग़लत और पक्षपातपूर्ण हैं.तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था, हमारे कश्मीरी भाई और बहन दशकों से पीड़ित हैं. हम एक बार फिर से कश्मीर पर पाकिस्तान के साथ हैं. हमने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में उठाया था.वो बोले थे, कश्मीर का मुद्दा जंग से नहीं सुलझाया जा सकता. इसे इंसाफ़ और निष्पक्षता से सुलझाया जा सकता है. इस तरह का समाधान ही सबके हक़ में है. तुर्की इंसाफ़, शांति और संवाद का समर्थन करता रहेगा.

जब अर्दोआन ने कश्मीर पर बोलना शुरू किया, तब पाकिस्तानी संसद तालियों से गूंज गई थी. पाकिस्तानी सांसद संसद में देर तक टेबल थपथपाते रहे थे.पाकिस्तान और तुर्की के बीच संबंध भारत की तुलना में काफ़ी अच्छे रहे हैं. दोनों मुल्क इस्लामिक दुनिया के सुन्नी प्रभुत्व वाले हैं.तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन को भारत-मध्य पूर्व-यूरोप के प्रस्तावित आर्थिक कॉरिडोर पर आपत्ति क्योंसाल 2023 में ग्रीस दौरे पर गए पीएम मोदी ग्रीस के पीएम के साथग्रीस से बेहतर होते भारत के संबंध और तुर्कीतुर्की की ताज़ा प्रतिक्रिया को कुछ जानकार ग्रीस से भारत के बेहतर होते संबंधों से जोड़कर भी देख रहे हैं.

अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को कवर करने वाले पत्रकारों और जानकारों का कहना है कि यूरोप में ग्रीस भारत का अब एक नया सहयोगी है और भारत यूरोप में इससे अपनी स्थिति बेहतर करना चाहता है.पत्रकार शशांक मट्टू ने सोशल मीडिया पर लिखा, भू-मध्यसागर में ग्रीस एक अहम शक्ति है. वैश्विक व्यापार के लिए भूमध्य सागर काफ़ी अहम है. ये यूरोप, अमेरिका जैसी अर्थव्यवस्था को चीन, भारत और जापान से जोड़ता है. समंदर में क़रीब 15 फ़ीसदी ट्रैफिक इसी रास्ते से होकर गुज़रता है.मट्टू ने लिखा, बीते कुछ सालों में यहां मिले गैस और तेल के भंडार इसे और अहम बनाते हैं. इस क्षेत्र में रूस, अमेरिका और फ्रांस की अच्छी सैन्य मौजूदगी है. चीन ने भी ग्रीस के ज़रिए इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को बेहतर किया है. भारत भी इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बेहतर करना चाह रहा है.

इस लेख में Twitter से मिली सामग्री शामिल है. कुछ भी लोड होने से पहले हम आपकी इजाज़त मांगते हैं क्योंकि उनमें कुकीज़ और दूसरी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया हो सकता है. आप स्वीकार करने से पहले Twitter cookie policy और को पढ़ना चाहेंगे. इस सामग्री को देखने के लिए अनुमति देंऔर जारी रखें को चुनें.

साल 2020 में भू-मध्यसागर में तुर्की ने नौसेना की सुरक्षा के साथ एक गैस खोजी अभियान चलाया था. यहां पर तुर्की का ग्रीस का आमना-सामना हो चुका था मगर 2020 में फ्रांस भी ग्रीस के पक्ष में उतर आया था.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 81: रंगशाला में स्वयंवर की कार्यवाही प्रारंभ, सीता जी का आगमन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



एक बड़े अलंकृत काष्ठफलक के ऊपर भगवान शिव का धनुष रखा हुआ है। अभी उस पर पीले कपड़े का आवरण है। यह अनावृत धनुष रंगभूमि में सभी के आकर्षण का केंद्र है। जब राम और लक्ष्मण का अपने गुरु के साथ आगमन हुआ तब से लोगों की दृष्टि कभी शिव धनुष की ओर जाती है तो कभी राम और लक्ष्मण की ओर। इन दोनों राजकुमारों के आ जाने से अनेक राजाओं का तेज फीका पड़ गया है।

पुरोहित शतानंद जी ने राजा जनक से स्वयंवर की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी। महाराज जनक अपने आसन से नीचे आए और शिव धनुष के पास पहुंचे। राज परिवार की नारियों के लिए बने स्थान से उठकर महारानी सुनयना भी शिव धनुष के समीप पहुंचीं। पुरोहित ने श्री गणेश जी का ध्यान करते हुए कुछ मंत्र पढ़े। महाराज और महारानी ने गणेश जी का स्मरण किया। उन्होंने शिव धनुष को पुष्प और कुछ अक्षत अर्पित किए। महाराज जनक और महारानी ने इस स्वयंवर की सफलता के लिए अपने हाथ जोड़कर मन ही मन प्रार्थना की। महाराज और महारानी अपने-अपने स्थान पर वापस लौटे।महाराज के निर्देश पर राजनंदिनी सीता जी का स्वयंवर स्थल में आगमन हुआ। प्रहरी ने उनके आने की घोषणा की। सभा में उपस्थित व्यक्तियों की आंखें उस ओर गईं, जिधर से सीता जी पधार रही थीं। देवी सीता त्रेता युग की महानतम नारी।राजा जनक की सुपुत्री। क्षीरसागर में विराजित देवी लक्ष्मी की इस धरती पर अनुकृति। सीता जी का मुखमंडल अनंत चंद्रमाओं की संयुक्त छवि से भी अधिक दीप्त, अम्लान और उज्ज्वल। स्वयं सौंदर्य जिनसे परिभाषित होता है। पूज्य आराध्या माता सीता, जिनकी संपूर्ण देहयष्टि में विश्व के श्रेष्ठतम मूर्तिकार की सर्वोत्कृष्ट रचना से भी अधिक सुगढ़ता है। जिनमें एक ऐसा पवित्र आभामंडल है कि दर्शन मात्र से किसी के हृदय की सभी कलुषताएं समाप्त हो जाए एवं मन में सात्विक भाव का उदय हो।जिनकी क्षणभर की एक छवि जन्म जन्मांतर से चले आ रहे अज्ञानता के अंधकार की परत को दूर कर आत्मा को दिव्य प्रकाश से भर दे।उनके व्यक्तित्व में एक ऐसा अलौकिक तेज है कि उन्हें देखते ही अनायास देखनेवाले के मन में अपार श्रद्धा का उदय हो।

स्वयंवर में विभिन्न देशों से आए हुए राजाओं और राजकुमारों में उनका यह पवित्र सौंदर्य और तेज देख पाने की क्षमता नहीं है।वे किसी भी दृष्टि से जानकी जी के योग्य नहीं हैं। वे उन्हें केवल एक साधारण सुंदर राजकुमारी समझ रहे हैं। स्वयंवर स्थल के पास आती हुई सीता जी को देखकर वे राजागण जड़वत हो गए हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### हेलमेट लगाना जरूर

हेलमेट हमर कवच हरे,
ऐकर ले होथे सुरकसा।
धुल अऊ धुंवा ले बांच जाबे,
रहिबे तैहर अच्छा।
न कोई रोके, न कोई छेके,
रहिबे तै बिन्दास।
नियम संयम म सहायक होथे,
हेलमेट रहि जब पास।
अनहोनी होयले पहिली, करले तैहर चेत,
अपन सुरकसा खातिर लगावव, हरदम तुम हेलमेंट।
हेलमेंट लगाय ले बांच जाबे,
कनफोड़व आवाज ले।
आबे जाबे त संग ले जाबे,
सुरता कर ले आज ले।
हड़बड़ी म गड़बड़ी होथे, भले हो जाय लेट,
अपन सुरकसा के खातिर लगाना, हरदम तुम हेलमेट।
एक गाड़ी तीन सवारी,
जिन्दगी बर जंजाल हे।
तेज रफ्तार ले कतरो खतरा,
अपनो कहां खियाल हे।
यातायात नियम के पालन करबो,
देवव सबला संदेश,
अपन सुरकसा के खातिर लगाना,
हरदम तुम हेलमेट।



आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो.भाठागांव

## लघुकथा

### //कुछ ही शब्द//

पुलिस जीप का सायरन बजा। यातायात एलर्ट हो गया। सब किनारे लग गये। एक जगह रोड किनारे जीप रुकी। एक वर्दीधारी शख्स दरवाजा खोलकर नीचे उतरा। उस शख्स ने रोड किनारे खड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति के पैर छुआ। बुजुर्ग व्यक्ति भी आश्चर्य में पड़ गये। तभी उन्होंने वर्दी का आइडेंटिटी प्लेट पढ़ लिया। बोले- ''एस. पी. साहब आप...!''

''नो एस पी... वेस पी...! यू आर मिस्टर आर एस नेताम सरजी, द रिटायर्ड टीचर ? राइट...?'' वर्दीधारी की आवाज में बड़ी ठसन थी।

''या...! ऑफ कोर्स्...! आय एम आर एस नेताम, द रिटायर्ड टीचर।'' बुजुर्ग व्यक्ति ने नजरे उठाते हुए कहा।

''सर जी! आय एम योर एक्स-स्टूडेंट महेंद्र दिल्लीवार। यू टाट मी इंग्लिश। आय हैव बीन योर स्टूडेंट इन गॉरमेंट हायर सेकंडरी स्कूल - सुरडोंगर, फॉर फोर ईयर्स, टू थाऊजैंड फोर टू सेवेन।'' वर्दीधारी शख्स तुरंत अपनी जीप पर बैठे; और निकल गये।



रोड किनारे वाले दुकानदार यह सब देख रहे थे। उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ। दो-चार लोग आये; और बोले- ''नेताम गुरुजी, आप जानते हैं, वे कौन थे ?'' ''यस...! ही इ? माय लाइफ एचिवमेंट अवार्ड!'' बुजुर्ग व्यक्ति बस कुछ ही शब्द बोले।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)





## शब्द सामर्थ्य -349

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 348 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | धा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दृ | त | |

## सू- दोकू क्र. 349


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.348 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल




**मेष**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप किसी पुराने दोस्त के साथ डिनर करने जा सकते हैं। किसी बात से परेशान लोग आज अपने माता-पिता से विचार विमर्श करेंगे तो शोल्युशन मिल जाएगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। ऐसा करने से आपको लाभ होगा।




**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप काम करने के नए टारगेट पर विचार करेंगे। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किसी अजनवी से कुछ नया सिखने को मिलेगा जो भविष्य में आपके काफी काम आएगा। आज के दिन की शुरुआत शानदार रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने के व्यवसाय से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करेंगे। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही ना करें। अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। इस राशि के स्टूडेंट्स किसी तरह का परीक्षा फॉर्म भी भर सकते हैं ।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता जी को कोई साड़ी गिफ्ट करेंगे जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज ऑफिस के काम में आपको कलीग की सहायता से आपका काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज रुके हुए कार्यों में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का मन बनाएंगे। आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। इस राशि के लेखन से जुड़े लोगों का मन क्रिएटिव रहेगा। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है।




**तुला**
आज का दिन आपके उत्तम रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर आपके किए गए कामों की सराहना की जाएगी। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमने जा सकते हैं।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के करियर को बेहतर बनाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।



**मकर**
आज का दिन आपक लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट्स एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बॉस आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

# सीमेंट फैक्ट्री नहीं खोलने का विरोध, छुईखदान विचारपुर के ग्रामीण ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक के ग्राम विचारपुर, भरदागोड़, बुंदेली, पंड़रिया, संडी में उच्च क्वालिटी के सीमेंट बनाने में उपयोग होने वाला हाईग्रेड चूना पत्थर का अकूत भंड़ार हैं। सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने क्षेत्र में सीमेंट का मेगा प्लांट लगाने निविदा भी जारी किया हैं। राज्य सरकार द्वारा निविदा जारी होने के बाद देश की आधा दर्जन नामचीन कंपनियों ने सीमेंट प्लांट लगाने निविदा में भाग लिया हैं। जिसमें श्री सीमेंट कंपनी को राज्य सरकार ने (एलओआई) प्लांट लगाने स्वीकृति भी दे दी हैं। राज्य सरकार के द्वारा प्लांट लगाने सैद्धांतिक निर्णय लेने के बाद पर्यावरण मंजूरी व जनसुनवाई के लिये अब प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की जा रही हैं। लेकिन विचारपुर के ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सीमेंट फैक्टरी नहीं खोलने का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन दिया हैं।



कहा- देश के विकास में भरपूर सहयोग लेकिन निजी जमीन नहीं देंगे

### सीमेंट फैक्ट्री के लिए ग्रामीण नहीं देना चाहते अपनी निजी भूमि

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में सीमेंट फैक्टरी लगाने श्री सीमेंट कंपनी को लीज मिलने की जानकारी मिली हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के ज्यादातर निवासी कृषक परिवार हैं जिनकी जीविका का साधन खेती-किसानी हैं। जानकारी अनुसार 404 हेक्टर जमीन को सीमेंट फैक्टरी के लिये चिन्हांकित किया गया हैं। जिसमें 53.517 हेक्टेयर जमीन सरकारी व 350.483 हेक्टेयर निजी जमीन हैं, वहीं प्लांट के अफिशियल एरिया के लिये 250 हेक्टेयर अलग से जमीन की तलाश की जा रही हैं। निजी जमीन की खरीदी भी शुरू कर दी गई हैं, लेकिन ग्रामीण अपनी निजी भूमि को देने से मना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की हैं कि जमीन सीमेंट फैक्टरी को देने से जीविका का साधन खत्म हो जायेगा वहीं सीमेंट फैक्ट्री लगने से आसपास की जमीन बंजर भी हो जाएगी, इसके बाद सभी ग्रामीण का कहना हैं कि इन परिस्थितियों में सभी कृषक अपनी व्यवस्था करने में सक्षम नहीं हैं।

### खुलने से पहले ही विवादों में घिरी साय सरकार की सीमेंट प्लांट योजना

गौरतलब है कि केसीजी जिले के छुईखदान क्षेत्र में खनिज संपदा का अकूत भंडार है। कुछ जानकारी मिलने के बाद खनिज विभाग द्वारा लंबे समय से हाई ग्रेड चूना पत्थर की खोज की जा रही थी। साल भर पहले खनिज विभाग द्वारा क्षेत्र में उच्च क्वालिटी के चूना पत्थर मिलने पर राज्य सरकार के पास उसकी जानकारी भेजी गई थी और राज्य सरकार ने प्लांट लगाने निविदा जारी किया था। जिसमें श्री सीमेंट कंपनी को शासन ने प्लांट लगाने के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण अब अपनी निजी जमीन देने से मना कर रहे हैं जिससे सीमेंट प्लांट लगने से पहले ही पूरा मामला विवादों में घिर गया हैं।

### क्षेत्र के विकास के लिये जरूरी सीमेंट प्लांट

श्री सीमेंट प्लांट लगाने से खैरागढ़ जिले को हर साल करोड़ों का राजस्व मिलेगा। जिसमें रॉयल्टी और डीएमएफ मद की राशि शासन के खाते में जाएगी वहीं क्षेत्र के करीब 7 से 8 हजार लोगों को रोजगार भी मिलेगा। क्षेत्र का विकास तेजी से हो पायेगा, गौरतलब है कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ व कवर्धा जिले में अब तक इतने बड़े प्लांट स्थापना की योजना अभी तक नहीं बन पायी है।

प्लांट के खुल जाने से यह चारों जिले का सबसे बड़ा सीमेंट प्लांट होगा वहीं मेगा सीमेंट प्लांट खुलने से क्षेत्र के लोगों को बड़े स्तर पर रोजगार मिलेगा और इस क्षेत्र की जमीनों की वैल्यू भी बढ़ जाएगी। अंचल के विकास को बल मिलेगा। वर्तमान में जिले में एक भी बड़ा उद्योग नहीं है तथा क्षेत्र के लोग परंपरागत रूप से कृषि पर ही निर्भर होकर अपनी आजीविका चला रहे हैं। ग्रामीण अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं सभी व्यक्ति कृषि से जुड़े हुये है जिसकी जीविका कृषि पर निर्भर हैं यह फैक्टरी नहीं खुलना चाहिये। प्रशासन जल्द ही निराकरण करें नही तो उग्र आदोलन करेंगे।

### मांग पूरी नहीं हुई तो ग्रामीण करेंगे उग्र आदोलन

कलेक्टर को ज्ञापन देने आये ग्रामीणों ने मिडिया से बात करते हुये, कहा कि अगर सरकार हमारी निजी भूमि को जबरदस्ती खरीदने की कोशिश करेगी तो हम लोग सड़क पर उतर कर उग्र आदोलन करेंगे और किसी भी कीमत में हम अपनी जमीन और अपनी मातृभूमि को नहीं बेचेंगे। किसानों ने तर्क दिया है कि विकास जरूरी हैं,देश की प्रगति के लिये लेकिन किसी का घर तोड़कर और उनकी जीविका का साधन छिन कर विकास करना उचित नहीं हैं।

# ग्राम चिरचारीखुर्द में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा प्रज्ञा पुराण कथा आज से

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम चिरचारीखुर्द में शुक्रवार 1 मार्च से पांच दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। परिवार कल्याण, समाज कल्याण तथा विश्व कल्याण की भावना के साथ आयोजित उक्त कार्यक्रम में नि:शुल्क अनेक संस्कार भी संपन्न कराये जायेंगे।

0 प्रधानमंत्री ने किया सौर ऊर्जा प्लांट का वर्चुवल उद्घाटन
0 पीएम ने योजनाओं के लाभार्थियों से की सीधी बात

अखिल विश्व गायत्री परिवार, परमपूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में प्रज्ञा पुराण कथा भी वाचन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 मार्च को दोप. 12 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा से होगा। पश्चात् सायं 4 बजे देवपूजन, देवस्थापना तथा संक्षिप्त उद्‌बोधन होगा।

द्वितीय दिवस 2 मार्च से लेकर 4 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अलावा प्रातः 11 बजे से दोप. 1 बजे तक तथा दोप. 3 बजे से सायं 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत का आयोजन किया गया है। अंतिम दिन 5 मार्च को सुबह 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, महापूर्णाहूति तथा महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा। पश्चात् प्रज्ञा पुराण कथा तथा टोली की बिदाई होगी। यज्ञ संचालन एवं प्रज्ञा पुराण कथा वाचन शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा संपन्न कराया जायेगा।

गायत्री परिवार के मोती सिंह चंद्रवंशी, पूरनलाल साहू, देवेन्द्र साहू, दानेश्वर प्रसाद साहू, भेष कुमार साहू, कामता प्रसाद साहू, लुमेन्द्र कुमार साहू, धर्मेन्द्र साहू, कृतराम साहू, नोहर साहू, मिथलेश यादव, गिरवर साहू, कृष्ण कुमार साहू, तीजूराम साहू, येन्द्र कुमार साहू आदि ने अंचल के समस्त धर्मप्रेमीजनों से यज्ञीय कार्य में अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

# केवाईसी कराने रोजी रोटी छोड़ बैंक में जुटी हुई है महिलाएं

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने की जुगत में महिलाएं



डोंगरगढ़ (दावा)। महतारी वंदना योजना का लाभ महिलाओं को तभी मिल पाएगा जब उनका अकाउंट नंबर से आधार को जोड़ा जाएगा। लगातार हो रहे नियमों में बदलाव के कारण महिलाएं युद्ध स्तर पर सभी नियमों का पालन करने में लगी हुई है, ताकि समय सीमा के अंदर फार्म जमा हो सके। अकाउंट नंबर से आधार को जोड़ने के लिए महिलाएं भारतीय स्टेट बैंक डोंगरगढ़ में सुबह 4 बजे से केवाईसी करने के लिए बैंक के बाहर लाइन में लग जाती है। महिलाएं अपना भोजन साथ लेकर पहुंचती है और शाम तक केवाईसी करा कर वापस लौटती है।

### एक दिन में मात्र 100 लोगों के केवाईसी के लिए टोकन

महिला हितग्राहियों ने बताया कि, बैंक में सुबह 10 बजे मात्र 100 लोगों को केवाईसी जमा करने के लिए टोकन दिया जाता है। मात्र उन्हीं को ही केवाईसी जमा करने का मौका मिलता है। बाकी अन्य महिलाओं को वापस जाना पड़ता हैं। डोंगरगढ़ विकासखंड में मात्र एक ही जगह पर केवाईसी लिया जा रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हितग्राहियों ने मांग की है कि, इसकी वैकल्पिक व्यवस्था भारतीय स्टेट बैंक या प्रशासन को करनी चाहिए। एक निश्चित स्थान पर केवाईसी का काउंटर खोल देना चाहिए। जिससे केवाईसी का हीं काम हो सके। जिससे महिलाओं को मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए अपना आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक करवा सके। कई महिलाएं केवाईसी के लिए टोकन नहीं मिलने पर मायूस होकर वापस लौटती है।

# सरकारी अस्पताल में अनुबंधित डॉक्टर महीनों से अनुपस्थित

कार्यवाही के नाम पर 10 माह बाद नोटिस



डोंगरगांव (दावा)। शहर का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अपनी सेवाओं के लिए सदैव सुर्खियों में रहता है, अस्पताल में मरीजों को होने वाली परेशानियाँ तो लगातार सामने आती ही हैं किन्तु इस अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर भी मर्जी के मालिक बने हुए हैं और एक बार ड्यूटी ज्वाईन करने के बाद महीनों तक गायब रहते हैं। इसे लेकर स्थानीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन भी कभी गंभीर नहीं रही है। ऐसा नहीं है कि डॉक्टर के ड्यूटी से गायब रहने की खबर बीएमओ या सीएमएचओ को नहीं है किन्तु कार्यवाही के नाम पर अब तक कुछ भी देखने नहीं मिला है। यही वजह से है यहाँ पदस्थ डॉक्टरों से लेकर अन्य कर्मचारी मर्जी के मालिक बने हुए है. ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारियों और डॉक्टरों से जहाँ लगातार 24 घंटे तक की ड्यूटी ली जाती है, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और शासकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टर एक दो घंटे की ड्यूटी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी और मेडिकल सेवाओं की पूर्ति के लिए शासन/प्रशासन व्दारा नियम शर्तें तो लगा दी जाती हैं किन्तु स्थानीय अधिकारी इस परिपालन ही नहीं करते और आम नागरिक इन कमियों को भुगतते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के सरकारी अस्पताल में पदस्थ डॉ. विजय मेश्राम ड्यूटी ज्वाईन करने के बाद लगभग दस महीनों तक उपस्थित ही नहीं हुए हैं, बता दें कि श्री मेश्राम मेडिकल ऑफिसर के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में संविदा बांड के आधार पर नियुक्ति हुए थे, जिसमें उन्हें हॉट बाजार योजना के अंतर्गत कोकपुर, रामपुर और मलईडबरी की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन वे विगत मई माह से आज पर्यन्त तक उपस्थिति ही दर्ज नहीं कराई है। सूत्रों से पता चला है कि उनके द्वारा दो माह के छुट्टी के लिए आवेदन भी किया गया था किन्तु इस आवेदन को स्वीकार नहीं किया गया है। बता दें कि पीजी एवं अनुबंधित(बांड) छात्र/छात्राओं को अनुबंध के अनुसार दो वर्ष की अनिवार्य ग्रामीण सेवा हेतु कार्य पर अपनी उपस्थिति देना होता है, इसमें पी.जी. एवं एम.बी.बी.एस. अनुबंधित छात्र/छात्राओं के द्वारा नीट पीजी परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक माह से अधिक अनुपस्थिति रहने पर अनुबंधित छात्र चिकित्सकों के विरूद्ध स्नातकोत्तर/स्नातक प्रवेश नियमानुसार पालन नहीं करने की स्थिति में बाण्ड की संपूर्ण राशि की वसूली कार्यवाही भू-राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूली किए जाने के साथ ही मेडिकल कौसिल से पंजीयन रद्द करने की कार्यवाही नियमानुसार किया जा सकता है। बता दें कि अनुबंधित पीजी एवं एमबीबीएस मेडिकल छात्र/छात्राओं को स्नातकोत्तर/स्नातक प्रवेश नियम अनुसार 2 वर्ष की ग्रामीण सेवा करना अनिवार्य है। ऐसे में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों व्दारा संबंधित छात्र चिकित्सक पर कोई कार्यवाही नहीं किया जाना अनेक संदेहों को जन्म देता है।

इस विषय पर वर्तमान प्रभारी बीएमओ रागिनी चन्द्रे ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर संबंधित डॉक्टर को नोटिस भेजा गया है। ड्यूटी ज्वाईन करने के बाद उनके द्वारा आवश्यक कार्य का हवाला देकर दो माह का छुट्टी लिया गया था लेकिन आज पर्यन्त उनकी उपस्थिति नहीं हो सकी है।

शासकीय अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति की जानकारी नहीं थी और आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जायेगी- **ए.के.पुसाम अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव।**

# भोलापुर में महाशिवरात्रि मेला 8 मार्च को

रात्रि में चंपारण वालों का छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम

छुरिया (दावा)। ग्राम भोलापुर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 8 मार्च दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि मेला का आयोजन रखा गया है और रात्रि में चंपारण वालों का छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम रखा गया है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 10:00 बजे से शिव भोले की बारात शोभायात्रा राउतनाचा पार्टी द्वारा निकाली जायेगी। ग्राम के भगतराम वैध, मोहित सिन्हा (पटेल), रूखमप्रसाद पाण्डेय (सरपंच), हेमलाल साहू (ग्रामीण अध्यक्ष), शीशुपाल साहू (अध्यक्ष, पंचर्दशन मंदिर समिति), भोलापुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने अधिक से अधिक संख्या मे लोगों को उपस्थिति की अपील की है।

# आज ट्रेक्टर मार्च व घुमका तहसील घेराव

घुमका (दावा)। ब्लॉक संघर्ष समिति के बैनर तले ट्रेक्टर मार्च बाजार चौक से तहसील कार्यालय तक आज 1 मार्च शुक्रवार दोपहर 2 से 4 बजे किया जाएगा, जहां 3100 रु. धान के बोनस की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों को धान के बोनस के रूप में 3100 रु. देने का वायदा किया था जिस पर अब कोई ठोस निर्णय सरकार द्वारा नही लिया गया है जिससे किसान आक्रोशित है इसलिए किसानों द्वारा प्रदर्शन कर सरकार तक किसानों की मांग पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा जिसमें ब्लॉक भर किसानों को पहुँचने की अपील घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति द्वारा किया गया है। प्रदर्शन कि सूचना प्रशासन को समिति द्वारा दे गई है।

# अपने माता- पिता को कभी न भूलें



कल्लूबंजारी स्कूल में मना मातृ-पितृ दिवस

कल्लूबंजारी(दावा)। गत दिनों बसंत पंचमी के अवसर पर उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाकर माता-पिता का अंभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वरी मंडावी रहे, अध्यक्षता शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल ने किया। विशेष अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति माध्य.शाला के उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, पुष्पाबाई यादव, महेश्वरी फुले, रामाधीन कोमरे, इमला बाई कोमरे एवं वंदना गेड़ाम रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए रामेश्वरी मंडावी ने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता को कभी नहीं भूलना चाहिए क्योंकि माता-पिता ही संतानों के लिए सारा संसार है। माता-पिता के बिना संतान की कल्पना नहीं की जा सकती। दिलहरण पटेल ने कहा कि माता-पिता ही बच्चों के प्रथम गुरु एवं परिवार बच्चों का प्रथम पाठशाला होती है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छा संस्कार भी देना आवश्यक है। बाबूलाल पटेल ने कहा कि बच्चे कितने भी बड़े क्यों हो न जाये लेकिन माता-पिता से बड़े कोई नहीं हो सकते इसलिए बच्चों को अपने माता-पिता का हमेशा चरण वंदना करना चाहिए। महेश्वरी फुले, पुष्पा यादव, चित्राबाई कोर्राम, चैती साहू एवं वंदना गेड़ाम ने बच्चों को संबोधित कर माता-पिता के सुख दुःख के समय हमेशा साथ निभाने तथा अपने हर सुख दुःख में माता-पिता को शामिल करने का आव्हान किया। स्वागत भाषण सी.एल.भुआर्य, संचालन डी.के.कुरेटी एवं आभार प्रदर्शन जी.कन्नौजे ने किया। रामेश्वरी मंडावी, दिलहरण पटेल, बाबूलाल पटेल, महेश्वरी फुले, पुष्पा बाई यादव, रामाधीन कोमरे, इमलाबाई कोमरे को श्रीफल भेंटकर, चरण वंदना कर एवं तिलक अभिषेक कर उनके बच्चों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यु.एस.मंडावी, एस.आर.कार्ते, टी.आर. बढ़ई, आर.के.साहू, जे.एन.नेताम, जितेन्द्र पटेल, गजेन्द्र कुमार कोहकट्टा, ममता पटेल, नरबदिया पटेल, सुनीता बाई रामटेके, टुविंटल पटेल, महेश्वर पटेल, मोनिका ध्रुर्वे, डाली साहू, मोनिका साहू, सिद्धार्थ पटेल, मनीष साहू, रोमी कुमार रंगारी, केशर साहू, कुंदन कंवर, ओजेश्वरी पटेल, वंदना सिन्हा, कशिश पाल, हसिना मेश्राम, ललेश्वर ताम्रकार, अनुज यादव, उरांसी कंवर, संध्या पटेल, तन्मय कुमार कुंभकार, हिरेन्द्र पटेल आदि सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विकासखंडों में बाल विवाह रोकथाम के लिए दल गठित

खैरागढ़ (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में बाल विवाहों को शत-प्रतिशत रोकने के लिए विकासखंडों में बाल विवाह रोकथाम दल का गठन किया गया है।

बाल विवाह रोकथाम दल के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अध्यक्ष, परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सदस्य-सचिव एवं तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व थाना प्रभारी सदस्य बनाएं गए हैं।

बाल विवाह रोकथाम दल द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए अक्षय तृतीय अथवा अन्य दिनों में आयोजित होने वाले सभी विवाहों का पंजीयन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा। जिनका विवाह तय किया गया हो उन वर-वधु के जन्म तिथि की जांच कर उम्र सत्यापन करना होगा। आमंत्रण पत्र में जन्मतिथि अंकित करवाये जाने के लिए सभी समाज प्रमुख, ग्राम प्रमुख तथा पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति को कहा गया है। ग्राम पंचायतों से पंचायत स्तर पर विवाह पंजी का संधारण किया जाएगा। बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार किया जाएगा। बाल विवाह प्रकरण ज्ञात होने पर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग खैरागढ़ को तत्काल सूचना प्रदान करेंगे। बाल विवाह रोकथाम हेतु पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों को सहभागी बनाया जाएगा। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित ग्राम में दल स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधियों को भेजकर बाल विवाह में रोक लगाएंगे।

### विभाग की हेल्पलाइन नंबर पर दे बाल विवाह की सूचना

बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही करते हुए आम नागरिक अपने आस-पास बाल विवाह की जानकारी मिलने पर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को दूरभाष क्रमांक 07820-230001 तथा 07744-220405 तथा चाईल्ड हेल्प लाईन का नि:शुल्क नम्बर 112 एवं 1098 तथा मोबाईल नंबर 9993718434, 9617132287 में सूचना देकर बाल विवाह रोकथाम में सहयोग कर सकते है।

# विजय राज कार्यवाहक शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत



डोंगरगढ़(दावा)। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की निर्वाचित विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल को शहर में मिली एक तरफा हार की जिम्मेदारी लेते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर विगत 8 वर्षो से कार्यरत संजीव गोमास्ता ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद से त्यागपत्र देने वाले संजीव गुमास्ता के स्थान पर कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस के ऊर्जावान युवा नेता विजय राज सिंह चौहान को शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद की महती जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ कांग्रेसी स्वर्गीय माधव राज सिंह चौहान के पुत्र विजय राज के अध्यक्ष मनोनीत होने पर कांग्रेस जनों में हर्ष व्याप्त है। कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत होने पर समर्थकों ने जुलूस निकालकर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। गुरुवार को जारी किए गए आदेश में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज विजय राज सिंह चौहान को आगामी आदेश तक ब्लाक कांग्रेस कमेटी, डोंगरगढ़ नगर का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। पत्र में कहा गया है कि,यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। (मलकीत सिंह गैदू) प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशा.) की ओर से जारी पत्र की प्रति सचिन पायलट, महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, डॉ. चरणदास महंत, नेताप्रतिपक्ष छ.ग. विधानसभा, भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री, टी.एस. सिंहदेव पूर्व उप-मुख्यमंत्री, डॉ. चंदन यादव , एआईसीसी सचिव एवं छ.ग. प्रभारी, सप्तगिरीशंकर उल्का, एआईसीसी सचिव एवं छ.ग. प्रभारी, विजय जांगिड़, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छ.ग. प्रभारी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक डोंगरगढ़, संबंधित-लोकसभा, जिला, विधानसभा प्रभारी-प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सादर सूचनार्थ एवम सुशील आनंद शुक्ला, अध्यक्ष-संचार विभाग, पीसीसी,भागवत साहू, अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव ग्रा.को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित किया गया है।

# लोक मड़ई में रंगारंग प्रस्तुति, राम मंदिर के माडल ने सभी को लुभाया




डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में मुसरा में आयोजित लोक मड़ई का सफल आयोजन किया गया। विगत 28 वर्षों से अनवरत जारी किए जा रहे, लोक मंडई में अयोध्या की तर्ज निर्मित राम मंदिर, भक्तजनों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा।

मुसरा खुर्द में दूसरी मर्तबा आयोजित तीन दिवसीय मडई में लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और विधायक दलेश्वर साहू के प्रयास की जमकर सराहना की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है। अच्छे मार्ग पर चल कर आप एक अच्छे व्यक्ति बन सकते हो इसलिए सदैव सही राह पर चले। कार्यक्रम के संयोजक मूलचंद लोधी ने सांस्कृति मंत्री एवं मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए सभी कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की।

### कलाकारों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के अंतिम दिन विधायक दलेश्वर साहू ने सभी कलाकारों की तारीफ करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले कलाकारों में नाचा से लेकर तबला वादक, पेड वादक, बेंजो वादक एवं सभी गायक कलाकार शामिल है। लोक मंडई के अंतिम दिन कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुती से लोगों को झूमने मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में अभ्यास यादव ने प्रस्तुति दी। दूसरी प्रस्तुति प्रसिद्ध गायक दिलीप षडंगी की रही। इसी क्रम में छाया चंद्रकार, महादेव हिरवानी, विवेक शर्मा, कंचन जोशी ने प्रस्तुति दी। गायक संजय सुरीला के साथ नाचा विधा के कलाकार चिमन साहू और कन्हैया साहू ने प्रस्तुति दिया।

# पहला कॉलम...

## पश्चिमी नॉर्वे में हुआ हेलीकॉप्टर क्रैश, दुर्घटना में एक की मौत; पांच घायल

ओस्लो। पश्चिमी नॉर्वे के पास समुद्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा है कि ब्रिस्टो नॉर्वे द्वारा संचालित सिकोरस्की एस-92 विमान बुधवार को खोज और बचाव प्रशिक्षण मिशन पर था जब दुर्घटना हुई। पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि बचावकर्मियों ने जहाज पर सवार छह लोगों को समुद्र से बाहर निकाला, लेकिन एक को बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि जीवित बचे पांच लोगों में से एक को केवल हल्की चोटें आईं, जबकि अन्य चार को हल्की से गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना का कारण का तत्काल पता नहीं चल पाया है। हेलीकॉप्टर का निर्माण करने वाली लॉकहीड मार्टिन कंपनी सिकोरस्की ने बुधवार को कहा कि सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह जांच में सहयोग के लिए तैयार है। ऊर्जा समूह इक्विनोर ने कहा कि हेलीकॉप्टर एक खोज और बचाव विमान था जो आम तौर पर उत्तरी सागर में कंपनी के ओसेबर्ग तेल और गैस क्षेत्र में प्लेटफार्मों पर सेवा प्रदान करता था।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना मंजूर, 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त



नई दिल्ली। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि इससे एक करोड़ घरों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी. इसके अलावा सालाना 15,000 रुपये की आमदनी भी होगी. 2 किलोवाट तक के सोलर प्लांट के लिए सरकार 60 फ़ीसदी सब्सिडी देगी, इसके बाद अगर 1 किलोवाट और बढ़ाना हो तो 40 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी. हर परिवार को सोलर प्लांट लगाने के लिए करीब 78,000 रुपया सब्सिडी के तौर पर मिलेगा.

इस योजना के लिए 75,000 करोड़ के बजट को मंजूरी अगर आरडब्ल्यूए या ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी कॉमन लाइटिंग या इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए चार्जर के लिए प्लांट लगाना है उसके लिए प्रति किलोवाट 18,000 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी.

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए 'पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना% की घोषणा की थी. पीएम मोदी ने कहा था कि जमीनी स्तर पर इस योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में रूफटॉप सौर प्रणालियों (छतों पर सौर ऊर्जा) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.

## कनाडा से गायब हुई पाकिस्तान एयरलाइंस की एयर होस्टेस




नई दिल्ली। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की एक एयर होस्टेस ने बीते मंगलवार को कनाडा के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन लैंडिंग के बाद से ही वह लापता चल रही है। एयर होस्टेस की पहचान मरियम रजा के तौर पर हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार वह इस्लामाबाद से पीआईए की फ्लाइट से कनाडा के टोरंटो पहुंची थी। लेकिन, वापसी की उड़ान में वह ड्यूटी पर नहीं पहुंची।

बता दें कि बीते कुछ साल में पीआईए के कई कर्मचारी कनाडा में 'लापता' हो चुके हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार मरियम रजा ने 15 साल पहले पीआई के साथ काम करना शुरू किया था। सोमवार को उनकी ड्यूटी इस्लामाबाद से टोरंटो की फ्लाइट में थी। लेकिन, मंगलवार को कनाडा लैंड करने के बाद से उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। मरियम की तलाश में अधिकारी उस होटल में पहुंचे जहां वह रुकी हुई थीं। लेकिन होटल के कमरे से मरियम रजा की पीआईए की यूनिफॉर्म और एक नोट मिला, जिसमें ञ्अद्धड्डठ्ठद्म ड्ढश्वह्व क्द्ध लिखा हुआ था। उल्लेखनीय है कि पीआईए के लिए इस साल यह दूसरी इस तरह की घटना है।

# इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान




नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के चार मुकाबले खेले जा चुके हैं। जहां टीम इंडिया 3-1 से लीड कर रही है। इसी बीच भारतीय टीम ने पांचवें टेस्ट मैच के लिए अपने अपडेटेड स्क्वाड का ऐलान कर दिया है।


टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट मैच धर्मशाला में खेलेगी। इस टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड में एक स्टार खिलाड़ी की वापसी भी हुई है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह को रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के लिए रेस्ट दिया गया था, लेकिन अब वह धर्मशाला में एक बार फिर से एक्शन में नजर आ सकते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के लिए एक खिलाड़ी को बाहर भी किया गया है। दरअसल टीम इंडिया ने इस सीरीज के शुरुआती दो मैचों के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान किया था, जहां पहले मैच में कुछ खिलाड़ियों की इंजरी के कारण स्क्वाड में बदलाव किए गए थे। इस दौरान वाशिंगटन सुंदर टीम इंडिया के स्क्वाड में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान शामिल किए गए थे। इसके बाद जब बचे हुए आखिरी तीन मैचों के लिए स्क्वाड का ऐलान किया गया तब भी सुंदर को स्क्वाड में मौका मिला था, लेकिन अब जब पांचवें टेस्ट से पहले अपडेट आई है तो उसमें सुंदर का नाम शामिल नहीं है। दरअसल उनकी टीम रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल मैच खेलेगी। ऐसे में उन्हें रिलीज कर दिया गया है।

हालांकि बीसीसीआई की ओर से यह अपडेट भी दिया गया है कि वह रणजी में सेमीफाइनल मैच के बाद टीम इंडिया के स्क्वाड के साथ फिर से जुड़ जाएंगे। केएल राहुल भी इस स्क्वाड से बाहर हैं। उन्हें पहले टेस्ट मैच में हुई इंजरी के कारण टीम से बाहर किया गया है। बीसीसीआई ने उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया था, लेकिन वह अभी पूरी तरह से फिट नहीं है, जिसके कारण उन्हें बाहर किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ स्क्वाड ऐलान के साथ-साथ बीसीसीआई ने मोहम्मद शमी को लेकर भी अपडेट दिया है। बीसीसीआई ने अपने अपडेट में जानकारी दी है कि मोहम्मद शमी की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी, 2024 को सफलतापूर्वक सर्जरी की गई।

## बाबा रामदेव की पतंजलि को झटका, 100 मिनट में डूब गए 2300 करोड़ रुपए



6नई दिल्ली ,29 फरवरी। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को आज करोड़ों का झटका लगा है। आज सुबह पतंजलि फूड्स के शेयरों में करीब 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली जिससे केवल 105 मिनट में रामदेव की कंपनी को करीब 2300 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। दरअसल कल ही सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों के कारण पतंजलि को अवमानना नोटिस जारी किया था।

12 बजे के आसपास सेंसेक्स 481.01 अंक या 0.66 प्रतिशत नीचे 72,614.21 पर और निफ्टी 159.40 अंक या 0.72 प्रतिशत नीचे 22,038.90 पर दिख रहा था। लगभग 669 शेयर बढ़े और 2550 शेयर गिरे थे। वहीं, 61 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। पतंजलि फूड्स लिमिटेड के शेयरों में पिछले एक साल में अच्छी तेजी आई है। पतंजलि फूड्स के शेयर एक साल में 65 प्रतिशत से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 28 फरवरी 2023 को 925 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 फरवरी 2024 को 1536 रुपये पर पहुंच गए हैं।

## झारखंड में बिजली 7.6 फीसदी हुई महंगी

रांची। झारखंड में बिजली की कीमतों में 7.66 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए नई दरों की घोषणा कर दी। नई दरें एक मार्च से प्रभावी हो जाएंगी। रेगुलेटरी कमीशन ने जिस नई टैरिफ की घोषणा की है, उसके मुताबिक शहरी क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 6.65 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। अब तक उन्हें 6.30 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान करना पड़ता है यानी प्रति यूनिट 35 पैसे की वृद्धि की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए यह दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट होगी। इसके अलावा कुछ श्रेणियों में फिक्स चार्ज में भी बढ़ोत्तरी की गयी है। घरेलू ग्रामीण के लिए फिक्स चार्ज 75 रुपये तय किया गया है। घरेलू शहरी के लिए 100 रुपये, घरेलू एचटी के लिए 120 रुपये और व्यावसायिक शहरी के लिए भी 120 रुपये का फिक्स चार्ज तय किया गया है।

नए टैरिफ में समय पर बिल भुगतान करने वालों के लिए राहत का भी ऐलान किया गया है। उपभोक्ता अगर पांच दिनों के अंदर बिल भुगतान करेंगे, तो 2 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इतना ही नहीं, तय समय पर ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने पर उपभोक्ताओं को 1 प्रतिशत की राहत मिलेगी। छूट की अधिकतम सीमा 250 रुपये तक रहेगी।

बताया गया है कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम की ओर से टैरिफ में 39.71 फीसदी इजाफा करने का प्रस्ताव दिया गया था।

# निशानेबाज अर्जुन ने लगातार दो ट्रायल जीते, आशी ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर तोड़ा



भोपाल । भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाजों ने ग्रुप ए के लिए चल रहे राष्ट्रीय राइफल/पिस्टल चयन ट्रायल में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा है, जिसमें पेरिस कोटा धारक अर्जुन बाबूटा ने लगातार ट्रायल जीते और एशियाई खेलों की ट्रिपल पदक विजेता आशी चौकसे ने जीत के रास्ते में विश्व रिकॉर्ड स्कोर को तोड़ा।

अर्जुन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल में 252.5 का स्कोर किया, जो दिव्यांश के विश्व रिकॉर्ड (253.7) से सिर्फ 1.2 कम है, जिसे उन्होंने टी3 ट्रायल जीतने से पहले मंगलवार को बराबर किया था। तमिलनाडु के श्री कार्तिक सबरी राज (252.2) ने टी3 मैच में अपने तीसरे स्थान में सुधार करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि राजस्थान के यश वर्धन 230.8 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल टी4 में, पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन राही सरनोबत फाइनल में 33 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहीं, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 583 स्कोर किया था। पंजाब की जसप्रीत कौर 30 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि एयर इंडिया की अन्नू राज सिंह (27) तीसरे स्थान पर रहीं। स्थानीय स्टार आशी चौकसे ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) टी4 स्पर्धा में शानदार क्वालिफिकेशन राउंड के साथ रेंज में आग लगा दी। उसने दूसरी प्रोन पोजीशन में केवल एक अंक और अंतिम स्टैंडिंग पोजीशन में केवल दो अंक गंवाकर 597 का आश्चर्यजनक स्कोर बनाया। नॉर्वे की जेनी स्टेन और यूएसए की सेगेन मैडालेना द्वारा संयुक्त रूप से रखे गए वर्तमान विश्व रिकॉर्ड से एक अंक आगे था। उन्होंने अपने आत्मविश्वास से फाइनल में आसान जीत दर्ज की, उनका 461.8 अंक केरल की विदरसा विनोद के 457.5 से काफी आगे था।

## 17 लाख लोगों को रोजगार देगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। मोदी सरकार ने 17 लाख लोगों को रोजगार देने की घोषणा की। साथ ही कैबिनेट की बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत साल 2025 तक सभी केंद्र सरकार की इमारतों पर प्राथमिकता के आधार पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। साथ ही इस योजना से 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी और वार्षिक 15000 रुपये की बचत भी होगी। दो किलोवॉट तक के रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने में 145000 रुपये खर्च होंगे, जिसमें सरकार की ओर से 78000 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए नेशनल पोर्टल लॉन्च हो गया है। रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वाले लोगों को बैंक से आसान किस्तों में लोन भी मिलेगा। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। लोग बची हुई बिजली को बेचकर पैसे भी कमा सकते हैं। आवासीय क्षेत्र में रूफटॉप सोलर के जरिए 30 गीगावॉट सौर क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इस योजना के विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में 17 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेंगे।

## पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र ने पीसीआई अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन, नौ मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली । दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नौ मार्च को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। पीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और कार्यकारी समिति के पांच सदस्यों के लिए होंगे।**

भाला फेंक के एथलीट 42 वर्षीय झाझरिया ने 2004 में एथेंस और 2016 में रियो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने विश्व चैंपियनशिप 2013 में स्वर्ण पदक और 2015 में रजत पदक जीता था। उन्होंने 2014 में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक हासिल किया था।

झाझरिया ने कहा, 'मेरे शुभचिंतकों के प्रोत्साहन तथा पैरा खेलों और पैरा खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए काम करने के उद्देश्य से मैंने भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

मैं पिछले चार साल से पीसीआई में पैरा खिलाड़ियों का प्रतिनिधि रहा हूं, लेकिन कई शुभचिंतक चाहते हैं कि मैं अब पीसीआई का नेतृत्व करूं। इसलिए मैंने शीर्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की।'

## सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन शामिल नहीं




मुंबई । बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान कर दिया है। कॉन्ट्रेक्ट के तहत श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को इसमें शामिल नहीं किया गया है। इन दोनों को कई बार बोलने के बावजूद रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने की सजा मिली है और उन्हें नया कॉन्ट्रेक्ट नहीं मिला है। वहीं युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पहली बार कॉन्ट्रेक्ट मिला है। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि अय्यर और ईशान को वार्षिक अनुबंध नहीं दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को ग्रेड-सी में जगह मिली है। ए प्लस ग्रेड में कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा हैं। बीसीसीआई ने इस साल 30 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। यह एक अक्तूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक के लिए है।

बोर्ड ने इस बार एक नई परंपरा जारी की है। उसने तेज गेंदबाजी अनुबंध भी अलग से दिया है। इस लिस्ट में आकाश दीप, विजयकुमार वैश्यक, उमरान मलिक, यश दयाल और विद्वथ कावेरप्पा शामिल हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

*'400 पार' के लिए भाजपा की....*

पिछले आम चुनाव 2019 के दौरान भी यही गेम प्लान था. बीजेपी ने चुनाव की घोषणा से कुछ हफ्ते पहले 21 मार्च को 164 उम्मीदवारों की घोषणा की थी. पीएम मोदी ने 400 पार सीटों का रखा टारगेट- पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए बीजेपी और एनडीए के लिए टारगेट सेट कर दिया था. पीएम मोदी ने कहा था, देश का माहौल बता रहा है कि अबकी बार 400 पार. अकेले बीजेपी 370 सीटें जीतेगी. एनडीए को मिलाकर आंकड़ा 400 पार हो जाएगा.

**2019 में बीजेपी ने जीती थी 303 सीटें-** पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी. ऐसे में 370 का आंकड़ा छूने के लिए बीजेपी को पिछले चुनाव के मुकाबले 67 सीटों पर और जीत हासिल करना होगा.

*लोक गायिका पूनम तिवारी और पंडवानी ....*

यह जानकार अत्यधिक खुशी हुईः समप्रिया- दुर्ग जिले के जामुल की निवासी पंडवानी गायिका समप्रिया पूजा निषाद ने पुरस्कार के लिए चयन पर इंटरनेट मीडिया पर लिखा- यह जानकार अत्यधिक खुशी हुई है। इसके लिए संगीत नाटक अकादमी की हृदय से आभार हूं।

*जुमलों का नहीं किसानों को जवाब देने ....*

भाजपा नेता द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले ने पूरे देश का सिर शर्म से झुका दिया था। रमेश ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री के पास आदिवासी कल्याण और सामाजिक न्याय के लिए कोई दृष्टिकोण है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी, जुमले बहुत हो गए, अब जनता को जवाब देने का समय है।कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 15 साल पहले, संप्रग ने 60,000 करोड़ रुपये की कृषि ऋण माफी की ऐतिहासिक घोषणा की थी। उस राष्ट्रव्यापी कृषि ऋण माफी से भारत भर के सभी अन्नदाताओं को भारी राहत मिली।

इस बार हमने एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया है। हमने हमेशा किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि कठिन समय के दौरान उनके पास सुरक्षा कवच हो।आज, जब हमारे किसानों को चुप कराया जा रहा है, उन्हें राष्ट्र-विरोधी माना जा रहा है और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा विफल हो गया है। ऐसे में एक बार फिर स्पष्ट है कि केवल कांग्रेस ही हमारे किसानों को उनके दुख से बचा सकती है।

*किसानों का दिल्ली कूच एक दिन ...*

अंतिम संस्कार से पहले खनौरी लाया गया शुभकरण का शव शुभकरण के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार से पहले खनौरी-दातासिंह वाला बॉर्डर पर लाया गया, जहां हजारों किसानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। यहां कुछ देर दर्शनों के बाद शव को पैतृक गांव बल्लो के लिए रवाना कर दिया गया। बठिंडा में अंतिम संस्कार के दौरान लोगों ने केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। गांव में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। डल्लेवाल और पंधेर ने कहा कि शुभकरण की शहादत ने आंदोलन को नई दिशा दी है। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करना काफी नहीं है। सरकारी नौकरी व परिवार को एक करोड़ देगी सरकार- पंजाब सरकार शुभकरण की एक बहन को सरकारी नौकरी और परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देगी। परिवार के पास ढाई एकड़ जमीन है और परिवार पर लाखों रुपये का कर्ज है। परिवार ठेके पर जमीन लेकर खेती करता है। मृतक के पिता बकरी चराने का काम करते हैं। शुभकरण की मां 17 वर्ष पहले ही पति को छोड़कर चली गई थी।

# दो ओवर में बदली मैच की कहानी, दिल्ली ने रोका बेंगलुरु का विजय रथ; बेकार गई मंधाना की ताबड़तोड़ पारी



नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग 2024 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया। दिल्ली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का विजय रथ रोकते हुए 25 रन से हार थमाई। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 194 रन बनाए थे।

आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने पहले विकेट के लिए 28 रन जोड़े। दूसरा विकेट 110 के स्कोर पर दूसरा विकेट गिरा। शेफाली ने अर्धशतक बनाया। एलिस कैप्सी ने 46 रन की पारी खेली। सोफी डिवाइन और नदिनी को दो-दो विकेट मिले।

### दो ओवर में गिर पांच विकेट

लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना ने 43 गेंद पर ताबड़तोड़ 74 रन की पारी खेली। पहले विकेट के लिए मंधाना और सोफी डिवाइन (23) के बीच 8.3 ओवर में 77 रन की साझेदारी हुई। एक समय ऐसा लग रहा था कि मैच आरसीबी की जेब में है लेकिन लगातार अंतरराल पर विकेट गिरते रहे। जेस जोनासेन ने तीन विकेट लेकर मैच का रूख बदल दिया। दिल्ली की पारी के आखिरी दो ओवर में पांच विकेट गिरे।

### आरसीबी की धमाकेदार शुरुआत, आखिर में बिखरे

आरसीबी के लिए स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन ने पारी की शुरुआत की। मंधाना ने आक्रमक बल्लेबाजी की और पावरप्ले में 28 बॉल खेली और 45 रन बनाए। वहीं, डिवाइन ने 8 बॉल में 6 रन बनाए।

जहां मंधाना ने पारी में बड़े शॉट्स खेले, वहीं, डिवाइन ने दूसरे छोर से विकेट बचाए रखा। 9वें ओवर में डिवाइन 23 रन बना कर आउट हुए। वहीं, मंधाना भी 12वें ओवर में 74 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। यहां से टीम प्रेशर में आ गई। कुछ ओवर टिकने के बाद ऋचा घोष भी 19 रन बना कर आउट हो गई। एस मेघना और जॉर्जिया वेयरहम पर मैच को जिताने का प्रेशर आ गया। वेयरहम 6 रन बना कर आउट हो गई। एस मेघना भी एक धीमी पारी केबाद 19वें ओवर में आउट हो गई। उन्होंने 31 बॉल में 36 रन बनाए।आखिर में बड़े शॉट लगाने के चक्कर में सिमरन बहादुर 2 रन, सोफी मोलेनिक्स 1 रन और आशा शोभना 0 रन बना कर आउट हो गई। श्रेयांका पाटिल 1 रन और रेणुका सिंह 1 रन बना कर नाबाद रही।

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आया दिल्ली

पॉइंट्स टेबल में दिल्ली पहले नंबर पर आ गया है। वहीं, आरसीबी दूसरे और एमआई तीसरे नंबर पर है। तीनों के 4-4 अंक हैं। 3 मैच के बाद यूपीडब्लु 2 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर और गुजरात जायंट्स 2 मैच बाद 0 पॉइंट्स के साथ आखिरी नंबर पर है।

## WFI: डब्ल्यूएफआई के ट्रायल का पहलवानों ने किया बहिष्कार

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ द्वारा पेरिस ओलिंपिक और दो एशियन ट्रायल की तारीखों के एलान के बाद आंदोलनरत पहलवान साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने इसके बहिष्कार की घोषणा कर दी। पहलवानों की मांग है जब तक सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती और उचित समाधान नहीं करती तब तक प्रदर्शनकारी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा घोषित राष्ट्रीय ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चयन प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने बुधवार को अदालत का रुख किया और संयुक्त याचिका दायर की। इसमें 10-11 मार्च को होने जा रहे ट्रायल पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। हालांकि बजरंग की तरफ से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया हैं। पिछले दो महीने से रुस में प्रशिक्षण ले रहे बजरंग पूनिया ने साफ किया कि वह ट्रायल का हिस्सा नहीं होंगे।

# लघु उद्यमियों एवं जरूरतमंदों को उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करें बैंकर्स - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकर समिति (डीएलसीसी) की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि छोटा व्यवसाय करने वाले लघु उद्यमियों एवं जरूरतमंदों को उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करें। आपके मदद एवं सहयोग से किसी की जिंदगी बदल सकती है। छोटे स्तर पर व्यवसाय प्रारंभ करने वाले उद्यमी जल्दी से जल्दी ऋण चुकाने का प्रसास करते हैं, ताकि उन्हें आगे और ऋण प्राप्त हो सकें। छोटे उद्यमियों को ऋण प्रदान करना बैंकों की ताकत है। इससे सरकार के आत्मनिर्भर भारत और हर व्यक्ति को रोजगार देने की की मंशा पूरी होती है। कलेक्टर ने सभी बैंकों को शाख जमा अनुपात (सीडी रेशो) बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जितना अधिक उद्यमी ऋण लेंगें, उतना ही अधिक सीडी रेशो बढ़ेगा। जिले में साख जमा अनुपात भारतीय रिजर्व बैंक के मापदण्डों से बेहतर रहना चाहिए। उन्होंने कृषि तथा मध्यम एवं लघु उद्योग के लिए अच्छा प्रदर्शन करने तथा विशेष तौर पर ऋण प्रदान करने के लिए सभी बैंकर्स को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक ऋण प्रदान कर जनसामान्य को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में महिला स्वसहायता समूह मजबूती से कार्य कर रही है और आर्थिक स्वावलंबन के अद्भुत परिणाम मिल रहे हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इस दिशा में कार्य करते हुए अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिले में धान की बिक्री करने वाले पंजीकृत किसानों का अभियान चलाकर शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।




- सभी बैंकों को शाख जमा अनुपात बढ़ाने के दिए निर्देश
- जिले में धान की बिक्री करने वाले पंजीकृत किसानों का क्रेडिट कार्ड बनाने की जरूरत
- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किलोमीटर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाएं होनी चाहिए उपलब्ध

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग सहित उद्योग विभाग एवं अन्य विभागों के प्रकरणों में आ रही दिक्कतों का निराकरण करने के लिए कहा। लंबित प्रकरणों का शिविर लगाकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता से किया जा रहा है। डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में राशि पहुंचेगी, इसके लिए यह जरूरी है कि आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक रहे। इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किलोमीटर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। कलेक्टर ने पशुपालन, मछली पालन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्टैण्डप योजना, पीएम स्वनिधि योजना, शिक्षा ऋण, पीएम सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत बैंक खाते से आधार लिंक करने हेतु ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने लखपति दीदी तथा महिला स्वसहायता ऋण स्वीकृति के संबंध में कहा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नगरीय निकाय अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं में लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इसके निराकरण के संबंध में कहा। लीड बैंक मैनेजर सत्येन्द्र मलिक ने कहा कि जिले में 124 बैंक शाखाएं तथा 128 एटीएम है। उन्होंने बताया कि स्टैण्डअप योजना के तहत महिलाओं एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को ऋण प्रदान किया गया है। पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत 2131 केस का निराकरण किया गया है। एनआरएल अंतर्गत समूह की महिलाओं को व्यापक पैमाने पर ऋण प्रदान किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2023 के लिए 3043 केस स्वसहायता समूह के लिए ऋण स्वीकृत किए गए हैं। शिक्षा ऋण अंतर्गत छात्राओं को भी ऋण प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत कुल 589657 खाते खोले गए हैं। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सभी बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने नाबार्ड की किताब संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2024-25 का विमोचन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के प्रमुख मनोज नायक, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

# राजनांदगांव के तीन विभूति राज्य अलंकरण 2024 से हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले राजनांदगांव के तीन विभूतियों को राज्य अलंकरण 2024 से सम्मानित करते हुए उन्हें मानद् उपाधि प्रदान किया गया। डॉ. के.एल. टांडेकर प्राचार्य शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को संत रविदास समता अवार्ड से नवाजा गया। डॉ.एस.आर. कन्नोजे सहायक प्राध्यापक शासकीय विज्ञान महाविद्यालय एवं पी.आर. झाड़े, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजनांदगांव को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। 25 फरवरी को धमतरी में आयोजित प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन में यह राज्य अलंकरण 2024 का सम्मान मुख्य अतिथि डॉ के एल टांडेकर प्राचार्य के कर कमलों से प्रदान किया गया। अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी.आर. बंजारे 'ज्वाला' लगातार 40 वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 12 प्रकार के अवार्ड संतों महापुरुषों के नाम पर प्रदान कर रहे हैं। सभी उपस्थित गणमान्य जनों को प्रमाण पत्र व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के 31 महान विभूतियों को इस अवसर पर राज्य अलंकरण 2024 से नवाजा गया।

# जनसंपर्क विभाग की छत्तीसगढ़ जनमन किताब एवं रामो विग्रहवान् धर्म कैलेण्डर का नि:शुल्क वितरण

## सेन्ट्रल लाइब्रेरी एवं दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा नगर निगम में किया गया

राजनांदगांव (दावा)। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित हिन्दी मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन किताब एवं रामो विग्रहवान् धर्म रामलला कैलेण्डर का सेन्ट्रल लाइब्रेरी एवं दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा नगर निगम में नि:शुल्क वितरण किया गया। सेन्ट्रल लाइब्रेरी में शशांक तारम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जनमन में षष्ठम विधानसभा के सदस्यों की जानकारी एवं मोबाईल नंबर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जीवन का सफर नींव से शिखर तक प्रेरक है। शासन की विभिन्न योजनाओं महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं अन्य योजनाएं जनसामान्य के उत्थान के लिए योजनाओं की जानकारी दी गई है। इसमें योजनाओं के क्रियान्वयन से लाभान्वित हो रहे हितग्राहियों की प्रेरक कहानियां हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जनमन पत्रिका उपयोगी एवं मार्गदर्शक है, जिसमें प्रमाणिक एवं तथ्यपरक जानकारी संकलित है।



- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जनमन पत्रिका उपयोगी एवं मार्गदर्शक
- शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही प्रमाणिक एवं तथ्यपरक जानकारी संकलित
- जनमन प्राप्त कर विद्यार्थियों ने की खुशी जाहिर

डिजिटल लाइब्रेरी के लोक सेवा आयोग एवं छत्तीसगढ़ व्यापम की तैयारी कर रहे यतिश पटेल ने जनसंपर्क विभाग द्वारा प्राप्त जनमन पत्रिका पाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस किताब के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी मिल रही है। युवाओं के लिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई है। किताब में दी गई जानकारी हमारे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन सरकार की अच्छी जानकारी दी गई है। षष्ठम विधानसभा की जानकारी का संकलन महत्वपूर्ण है। दिग्विजय महाविद्यालय के छात्र तोरन पटेल ने बताया कि सोशल वर्क में कोर्स करते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। यह किताब इस दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि जनमन में सरकार का फैसला जोश में युवा, गारंटी पूरी किसानों को मिला दो वर्ष का बोनस, प्रधानमंत्री मोदी का दौरा चर्चा में लक्षद्वीप, विकसित भारत संकल्प यात्रा जनभागीदारी में छत्तीसगढ़ आगे की जानकारी दी गई है। वहीं भगवान राम के दर्शन कराएगी सरकार, 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्री राम मंदिर निर्माण का सपना हुआ साकार, भगवान राम की पवित्र स्मृतियों को सहेजने और संवारने तथा सुशासन के संकल्प को लेकर आगे बढ़ती विष्णु देव सरकार कैलेण्डर का वितरण किया गया।

# लोक सेवा केन्द्र कर रहा लापरवाही- लवकुमार रामटेके



राजनांदगांव(दावा)। जिला कार्यालय स्थित लोक सेवा केन्द्र में लापरवाही का आलम है, यहाँ पदस्य अथवा कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर आये दिन कुछ ना कुछ लापरवाही करते है। वैसे तो लोक सेवा केन्द्र में विभिन्न तरह की सेवायें दिये जाने का दावा सरकार के द्वारा किया जाता है किन्तु वास्तविकता कुछ और है।

हॉल ही दिनांक 26 फरवरी को एक जाति प्रमाण पत्र का आवेदन हमारे कार्यालय सहायक प्रिया के द्वारा लोक सेवा केन्द्र जिला कार्यालय राजनांदगॉव में भेजा गया, जिस पर लोक सेवा केन्द्र के ऑपरेटरों ने पहले तो लेने से मना किया. कुछ समय बहस करने पर एक आपरेटर ने बताया कि जाति का काम भोजराम करता है, जब उससे सम्पर्क किया गया तो उसने अपने आप को काफी व्यस्त बताया. थोडी देर इंतजार कराने के बाद मूल दस्तावेज जमा करा लिये और शाम को आने बोला।

जब प्रिया शाम को 5 बजे करीब गई तो भोजराम कार्यालय में नहीं था. उसे फोन लगाने पर वह फोन नहीं उठाया.थक हार कर प्रिया वापस आ गई। दूसरे दिन 27 फरवरी को सुबह जाने पर दस्तावेज वापस कर दिये, किन्तु आवेदन को ऑनलाईन नहीं किया है। चन्दमिनटों के काम को लोक केन्द्र के ऑपरेटरों द्वारा नहीं किया जाकर, जब शिक्षित वर्ग के साथ यह व्यवहार है तो आमजनों के साथ क्या होता होगा। ऑपरेटरों की मनमानी व लापरवाही सिर चढ़ कर बोल रहीं है, जिस पर प्रशासन लगाम लगाना चाहियें, और प्रतिदिन मानिटरिंग करनी चाहिये, व लापरवाह ऑपरेटर को सेवा से पृथक कर देना चाहियें। हमारे जाति प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन को आज दिनांक तक अपलोड नहीं किया गया है, जिस पर हमनें आज जिलाधीश महोदय को लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर की लिखित शिकायत की है। देखते है प्रशासन क्या कार्यवाही करता है. तथा हमें हुए नुकसान की किस तरह भरपाई करता है।

## कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में भारतीय मृदा विज्ञान संस्था, भोपाल, टीएसपी एक्रीप मुलार्प रायपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र सुरगी में कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति के उपयोजना अंतर्गत आदिवासी कृषकों को अनाज वाली फसलों के बाद दलहनी फसलों को लगाने एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# साक्षात्कार का भय दूर करने विद्यार्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम आयोजित




**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में कंप्यूटर विभाग के द्वारा स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई व्ही रेवती के साथ पैनल के सदस्यों के रूप में बीआईटी से डॉ अभिषेक चक्रवर्ती एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, गुलशन सिन्हा व अविनाश सिंह राजपूत उपस्थित थे।

इस मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम को कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से साक्षात्कार का भय दूर करना व उनको आने वाले समय के लिए तैयार करना था। पैनल के सदस्य अलग-अलग विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जिससे विद्यार्थियों को हर विभाग से संबंधित अनुभव प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अलग-अलग श्रेणियों के आधार पर नंबर दिए गए और सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। जिसमे प्रथम स्थान सक्षम वैष्णव एमएससी केमेस्ट्री, द्वितीय स्थान अदिति चौबे, एमएससी केमेस्ट्री तथा तृतीय स्थान अकरम बेग पीजीडीसीए ने प्राप्त किया । पैनल के सदस्यों को भी कार्यक्रम के अंत में प्रमाण पत्र वितरित किया गया । इस कार्यक्रम में कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एव आभार प्रदर्शन श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

# मीडिया सेंटर में लगाई गई ड्यूटी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण करने तथा पेड न्यूज पर समग्र एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए मीडिया सेंटर के लिए ड्यूटी लगाई गई है। मीडिया सेंटर में जिला स्तर पर पेड न्यूज के प्रभावी अनुवीक्षण के लिए प्रिंट मीडिया इकाई, इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई तथा सोशल मीडिया इकाई व स्थानीय आकाशवाणी रेडियो इकाई का गठन किया गया है। उप संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक को मीडिया सेंटर का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# सनातन मूल्यों की स्थापना से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण संभव

रायपुर(दावा)। श्री गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज आज ग्राम मुरा, खरोरा पहुंचे। यहां वे राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आयोजित धर्म महासभा में हिस्सा लेंगे। आज मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी ने कहा कि सनातन को मानने से ही व्यक्ति का उत्कर्ष हो सकता है। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। जहां इसका पालन नहीं हो रहा है वहां अव्यवस्था है। संस्कार नष्ट हो रहा है। सनातन मूल्यों की स्थापना से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सकता है।

इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के प्रदेश संयोजक तथा सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्र ने बताया कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत सनातन मूल्यों और राष्ट्र चेतना के विकास के लिए ग्राम मुरा में धर्म महासभा का आयोजन किया गया है। इसमें शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद महाराज सनातन मूल्यों के संबंध में मार्गदर्शन करेंगे। हमारे कई जन्मों का पुण्य फल उदित हुआ है कि महाराज जी यहां पधारे हैं। यह पूरा क्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ रहा है। श्री मिश्र ने बताया कि राष्टोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत हम सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में स्वामी निश्चलानंद महाराज हमारी सनातन परंपरा के गहरे मूल्यों के संबंध में प्रकाश डालेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि आयोजन पंडित लखनलाल मिश्र पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे किया जा रहा है। ग्राम मुरा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित लखनलाल मिश्र की पुण्यभूमि है। इस पुण्यभूमि में यह सुंदर आयोजन किया जा रहा है जो निश्चित रूप से राष्ट्रोत्कर्ष के अभियान को बढ़ावा देने में मदद करेगा। अगले दिन पंडित लखनलाल मिश्र सेवा परिसर में दर्शन, संगोष्ठी एवं दीक्षा का कार्यक्रम किया जाएगा।



पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने ग्राम मुरा में मीडियाकर्मियों से चर्चा में कहा, गुरुवार को विशाल धर्मसभा को करेंगे संबोधित

## सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पदों हेतु लिखित परीक्षा 10 मार्च को होगी

बिलासपुर/छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-3/आदेशिका लेख/कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 10 मार्च को बिलासपुर में विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी।

# वसुधैव कुटुंबकम् नाटक का पूरे देश भर में मंचन

**राजनांदगांव (दावा)। भारत रंग महोत्सव के अंतर्गत मिनिस्टर आफ कल्चरल भारत सरकार के द्वारा ललित प्रकाश द्वारा लिखित नाटक वसुधैव कुटुंबकम् का पूरे देश भर में एक साथ मंचन किया गया। सभी भारतीय भाषाओं और क्षेत्रीय भाषाओं में खेले गए इस नाट्य मंचन के क्रम में स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले में भी उक्त नाटक खेला गया जिसमें लोक सांस्कृतिक संस्था गोदना के कलाकारों ने नाटक कुटुंबकम् का रंगारंग मंचन कर दर्शकों में खूब रंग जमाया और जमकर वाह -वाही पाई।**

नाटक के पात्रों के सधे हुए एक-एक डायलॉग ने लोगों से जमकर तालियां बटोरी। स्वदेशी मेले के भव्य मंच पर खेले गए इस 40 मिनट के प्ले में प्रमुख भूमिका राकेश इंदुभूषण ठाकुर, रामशरण वैष्णव, कुरेशी, चिराग, पायल, निर्मला, फातिमा सोलंकी भूषण नेताम, कोमल शाहिदा आदि ने निभाई। इसकी रिपोर्टिंग मिनिस्ट्री आफ संस्कृति विभाग नई दिल्ली को दी गई।




स्वदेशी मेले में भी बिखरा नाटक का जलवा गोदना के कलाकारों ने दिखाए अपने अभिनय कला का जौहर

नाटक में प्राचीन भारत के सांस्कृतिक वैभव का दिग्दर्शन कराते हुए लो आ गई 'सोने की चिड़िया' को विशेष तौर व्याख्यायित किया गया था। जिसमे नालंदा, तक्षशिला, विक्रम शिला विश्वविद्यालयों का विशेष रुप जिक्र था और भारत के ऋषि-मुनियों व ज्ञानी-ध्यानियों द्वारा आविष्कृत शून्य से लेकर दशमलव, गणित व वेद-पुराण के ज्ञान-ध्यान, योग अध्यात्म को विश्व को दिया जाने वाला अस्त्र अनुदान को बड़े अच्छे ढंग से बताया गया। उस दौरान यह प्राचीन और सनातनी देश सोने की चिड़िया कहलाता था। उपरोक्त विशेषताओं को सूत्रधार के रुप में हजारों दर्शको को संबोधित करते हुए रंगधर्मी राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने अपने डायलॉगों से माध्यम से उनमें विशेष छाप छोड़ी। इसी तरह नाटक के प्रमुख पात्र के रूप में लोक कलाकार व तबला वादक रामशरण वैष्णव ने भी अपने दोनों विधा में दर्शकों में विशेष छाप छोड़ने में सफल रहे।

नाटक वसुधैव कुटुंबकम् में नाचा कलाकार भूषण नेताम व्येंजो व हारमोनियम में वही छन्नू लाल साहू की भी महिला पात्र निर्मला फातिमा पायल शाहिदा आदि के साथ महत्वपूर्ण भूमिका रही। गोदना के ये कलाकार नाटक वसुधैव कुटुंबकम् को लेकर बिलासपुर प्रदर्शन करने जा रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी ठाकुर राकेश इंदुभूषण द्वारा दी गई।

## सोमनी एवं जोरातराई में

# उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 5 मार्च तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोमनी एवं जोरातराई में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 5 मार्च तक आवेदन पत्र आमंत्रित है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक जिले में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि शाखा समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

# महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज ने संत शिरोमणी नरहरि महराज की पुण्यतिथि मनाई

**डोंगरगढ़ (दावा)। महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज डोंगरगढ़ द्वारा संत शिरोमणी नरहरी महाराज की पुण्य तिथि 27 फरवरी दिन मंगलवार को राजस्थान होटल में समाज के पदाधिकारियों सहित सामाजिक स्वजातीय बंधु - बांधव की उपस्थिति में श्रध्दापुर्वक मनाई गई। संत शिरोमणी नरहरी महाराज के तैल चित्र में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलीत कर पूजा अर्चना कर समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यो को याद कर उन्हें नमन किया गया।**

उक्त कार्यक्रम में गार्गी सोनी (कुहू) द्वारा गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुती दी गई । उक्त प्रस्तुती की सराहना उपस्थित स्वजातीय बंधुओं द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में स्वजातीय बधुओं द्वारा समाजिक एक जुटता का संदेश दिया गया।



उक्त कार्यक्रम महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश डुंबरे एवं सचिव रूपेश फाये एवं डोंगरगढ़ महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के वरिष्ठगण में रमेश बहेकर, सुदर्शन मस्के, शरद सेरेकर , वेंकटराव बहेकर, नितिन ढ़ोमने एवं महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के महिला सदस्यों श्रीमती शोभा मस्के, सीमा सेरेकर, संध्या बहेकर, उर्मिला बहेकर, कविता मस्के, सुनिता मस्के, नीलिमा ढोमने, नीलिमा मस्के, सुनंदा हाड़गे, रीता हाड़के, रक्षा तांबेकर, मीना बहेकर, ममता बहेकर, चन्द्रकांता बहेकर, अनुजा बहेकर, यशोदा कारेमोरे, किरण कारेमोरे एवं कु. पूजा बहेकर इसी कड़ी में महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज नव युवक सदस्यगणो में बिरेन्द्र मस्के, सुरेश बहेकर, मुकेश हाड़गे, नरेश बहेकर, प्रणय तांबेकर, नितीन बहेकर, कीर्तन कारेमोरे, विपिन बहेकर, धनेन्द्र बहेकर, इनकी उपस्थिति मे सम्पन्न किया गया।

# आज से कालेज सहित बोर्ड की परीक्षाए प्रारंभ

## स्कूल कालेज प्रशासन द्वारा परीक्षा की तैयारी पूरी, परीक्षा में नकल रोकने उड़न दस्ता टीम तैयार

राजनांदगांव (दावा)। आज एक मार्च शुक्रवार से कॉलेज सहित छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन एवं कालेज प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। बता दे कि गत दिनों माशिमं द्वारा आयोजित की जाने वाली 10वीं, 12वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र का वितरण कर दिया गया है। उक्त प्रश्न पत्र जिले के 88 स्कूल केन्द्र के नजदीक पड़ने वाले थाने में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच रखवाया गया है। उन प्रश्न पत्रों को आज एक मार्च की सुबह केन्द्राध्यक्षों द्वारा पुलिस की मुस्तैदगी में स्कूल केन्द्र तक ले जाया जाएगा और सुबह 9 बजे से प्रारंभ होने वाली परीक्षा में विद्यार्थियों को हल करने दिया जाएगा। बताते चले कि जिले में माशिमं परीक्षा के लिए स्टेट हाई स्कूल को समन्वय केन्द्र बनाया गया है। जिसके केन्द्राध्यक्ष स्कूल के प्राचार्य एन.एस. पट्टा है। उन्होंने बताया कि 10 वीं, 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। 9 से 12 बजे तक चलने वाली उक्त परीक्षा में आज बारहवी के विद्यार्थी हिन्दी का प्रश्न पत्र हल करेंगे वही 10 वीं वाले विद्यार्थी शनिवार 2 मार्च को हिन्दी का पर्चा हल करेंगे।

### नकल रोकने उड़नदस्ता तैयार

जिला शिक्षा विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा पर नजर रखने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता टीम का गठन कर दिया गया है। वहीं विकासखंड स्तर पर भी उड़नदस्ता टीम गठित की गई है। जिले में एक मार्च से 23 मार्च के मध्य सम्पन्न कराई जाने वाली बोर्ड परीक्षा में 10वीं बोर्ड से कुल 12910 विद्यार्थी परीक्षा देगे वहीं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए 10020 विद्यार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा के समन्वयक व केन्द्राध्यक्ष श्री पट्टा ने विद्यार्थियों से कहा है कि वे निश्चित होकर परीक्षा दे जो तैयारी की है उसे ही सोंच कर लिखे। साल भर में जो पढ़े व लिखे है वही परीक्षा में आया है। इसलिए बढ़िया इतमिनान से परीक्षा देवें।

### तीन शिफ्टों में होगी परीक्षा

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिया ने बताया कि आज एक मार्च से 30 अप्रैल के बीच बी.ए., बी.कॉम, बी.एससी से लेकर अन्य पाठयक्रमों की परीक्षा सम्पन्न कराई जानी है। उक्त परीक्षा तीन शिफ्टों में यथा प्राईवेट वालों के लिए 7 से 10, 11 से 2 तथा 3 से 6 बजे का समय निर्धारित है। वही स्वसाशी वालों के लिए दो शिफ्ट 7 से 10 व 3 से 6 बजे सुनिश्चित है। परीक्षा सम्पन्न करने के लिए गणित विंग सहित दो विंग तैयार किए गए है। उन्होंने बताया कि दिग्विजय कालेज में कल एक मार्च को प्राईवेट वालों की परीक्षा है वही दूसरे कालेजों में रेगुलर वाले परीक्षा देंगे। दिग्विजय कालेज के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने बताया कि दिग्विजय कालेज में अमहाविद्यालयीन पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।

जिले के एक मात्र स्वशासी महाविद्यालय होने के कारण इस महाविद्यालय में विश्वविद्यालीन परीक्षाओं के साथ-साथ सेमेस्टर की परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। तीन चरणों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए विषय वार प्राध्यापकों की ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय के रूप में शुमार दिग्विजय महाविद्यालय में सर्वाधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। हेमचंद यादव दुर्ग-विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा वर्ष 2023-24 में आयोजित की जाने वाली महाविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए जिले के अन्य महाविद्यालयों को अधिकृत कर दिया गया है। बहरहाल आज एक मार्च से आयोजित हो रही महाविद्यालय परीक्षा व छ.ग. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए विद्यार्थियों में थोड़े तनाव का माहौल है। उनका पूरा ध्यान सभी ओर से हटकर सिर्फ परीक्षा में लगा हुआ है। आज से कॉलेजों व स्कूलों में परीक्षा प्रारंभ होने से वहां विद्यार्थियों की भीड़-भाड़ देखने को मिलेगी।

# ठगी का मास्टर माईड आरोपी ललित शर्मा गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। आरोपी ललित शर्मा अपने साथी निखिल श्रीवास्तव और बैंक कर्मचारी के साथ मिलकर मोहगांव क्षेत्र के किसानों का फर्जी तरीके से केसीसी लोन निकालकर करोड़ों रूपये का चुना लगाया था। आरोपी ललित शर्मा द्वारा किसानों को अलग अलग तरीकों से अपने झांसे में लेकर उनका ऋण पुस्तिका एवं जमीन का कागजात लेकर फर्जी तरीके से बैंक वालों के साथ मिलकर केसीसी लोन निकालकर धोखाधड़ी करता था। आरोपी इतने शातिर कि कई प्रकरणों में भू-स्वामी की जगह किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर लोन स्वीकृत कराकर भी धोखाधड़ी करते थे, किसानों को बैंक से ऋण चुकाने का नोटिस मिलने पर मामले का खुलासा हुआ। आरोपी ललित शर्मा किसानों का केसीसी लोन का रूपये लेकर 2019 से फरार था। प्रकरण में ब्रांच मैनेजर अरविंद कुमार देवांगन को भी आरोपी बनाया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध कुल 13 प्रकरणों में शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें वर्ष 2013 में ग्राम बेलगॉव के मनहरण मेरावी से 1,40,000 रूपये केसीसी पर धोखाधड़ी। वर्ष 2013 ग्राम लमरा के लतमार निर्मलकर से एसबीआई व पंजाब बैंक से 04 लाख केसीसी लोन पर धोखाधड़ी। वर्ष 2014 में ग्राम खैरा नवापारा निवासी तिभाल मेरावी से 04 लाख रुपये के केसीसी लोन। वर्ष 2014 में ग्राम दरबानटोला निवासी लगनी बाई के ऋण पुस्तिका और जमीन का कागजात प्यारे पोर्ते के माध्यम से मंगाकर लगनी बाई का फर्जी वोटर आई डी बनाकर किसी अन्य व्यक्ति को लगनी बाई बनाकर बैंक में उपस्थित कर लगनी बाई के नाम से 2,80,000 का केसीसी लोन। वर्ष 2015 में ग्राम लमरा के लतमार निर्मलकर की बहु देवकी और बेटा देवराम निर्मलकर मेरे पास 5,20,000 रुपये लेकर बैंक में फिक्स डिपॉजिट कराने के नाम पर नगद प्राप्त कर फर्जी पासबुक देकर 5,20,000 रुपये का धोखाधड़ी किया। वर्ष 2016 में ग्राम लमरा के तोरन कंवर से एसबीआई गण्डई से 5,00000 रुपये का केसीसी लोन की धोखाधड़ी। वर्ष 2016 में ग्राम मानपुर के जेटू यादव से 4 लाख रुपये केसीसी लोन कर धोखाधड़ी। वर्ष 2017 में ग्राम पैलीमेटा के शांतिबाई से 1.70,000 रुपये केसीसी लोन कर धोखाधड़ी। वर्ष 2017 में ग्राम दरबनटोला के आजूराम से 4 लाख की धोखाधड़ी। वर्ष 2017 में ग्राम डुमरिया के बिरझूराम से 2,50,000 रुपये का धोखाधड़ी। वर्ष 2018 में ग्राम वेंगरी के शियाराम ध्रुव से 5 लाख 70 हजार रुपये की धोखाधड़ी। वर्ष 2019 में ग्राम दरवान टोला के पुनाराम से 1 लाख 60 हजार रुपये की केसीसी कर धोखाधड़ी। वर्ष 2019 में ग्राम भंडारपुर के रोहित से 1 लाख 80 हजार रुपये की केसीसी लोन के नाम पर धोखाधडी किया गया है। आरोपी ललित शर्मा पिता बंशीलाल शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पैलीमेटा थाना मोहगांव जिला केसीजी, जीवन लाल गोंड़ पिता पहलवान गोंड़ उम्र 37 साल निवासी ग्राम बेंगरी थाना मोहगांव जिला केसीजी थे जिसमें से बैंक मैनेजर अरविंद कुमार देवांगन और प्यारे पोर्ते फरार है।

घटना इस प्रकार है, आवेदक सियाराम गोंड पिता मुकुन्दी गोंड़ उम्र 32 साल साकिन ग्राम बेंगरी थाना मोहगांव जिला केसीजी द्वारा शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया, कि प्रार्थी के केसीसी बैंक खाते से 398000 रू. जीवन गोंड के बैंक खाते में फर्जी तरीके से ट्रांसफर हुआ है, उक्त शिकायत की जांच करने पर जांच दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी जीवन लाल गोंड़ निवासी बेंगरी द्वारा ललित शर्मा और निखिल श्रीवास्तव के कहने पर उनके साथ भारतीय स्टेट बैंक शाखा गंडई जाकर अपने बैंक खाते से 398000 रू. निकालकर 300000 रू को ललित शर्मा को देना व 50000 रू. को निखिल श्रीवास्तव को देना एवं 48000रू. को स्वयं रखना बताया गया है। जांच भारतीय स्टेट बैंक शाखा गंडई से आवेदक के केसीसी ऋण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने पर केसीसी ऋण के समस्त दस्तावेजों में आवेदक के हस्ताक्षर तथा 398000 रू. जीवन लाल गोंड़ के बैंक खाता में ट्रांसफर करने के फार्म में आवेदक के हस्ताक्षर में भिन्नता पाया गया है, जिसकी जॉच जारी है। आवेदन जांच पर अनावेदकगणों ललित शर्मा, निखिल श्रीवास्तव, जीवनलाल गोंड़ द्वारा एसबीआई गंडई के बैंक कर्मचारी से मिलकर षडयंत्रपूर्वक आवेदक सियाराम गोंड़ का फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सदोष लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से आवेदक के बैंक खाते से जीवनलाल गोंड़ के बैंक खाते 398000रू ट्रांसफर कर उक्त रकम को आहरण कर आवेदक को आर्थिक नुकसान पहुचांकर उसके साथ धोखाधड़ी करना पाया गया।

थाना मोहगांव क्षेत्र के अन्य 15 से 20 किसान रामदयाल यादव निवासी डुमरिया, बिरझू राम यादव ग्राम खर्रा, तोरन कंवर ग्राम गहिराटोला, शांति बाई पैलीमेटा, रोहित मशखरे भण्डारपुर, आजूराम ध्रुव दरबानटोला, राजेंद्र मेरावी खैरानवापारा, पुनाराम दरबानटेला, मनहरण मेरावी बेलगांव, जेठू यादव मानपुर व अन्य लोगों के साथ भी ललित शर्मा और निखिल श्रीवास्तव द्वारा बैंक के कर्मचारी के साथ मिलकर षणयंत्रपूर्वक केसीसी लोन निकलवाकर लोन की राशि को स्वयं रखकर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने संबंधी शिकायत प्राप्त हुआ। आवेदकगणों के शिकायत पर आरोपीगण ललित शर्मा निवासी पैलीमेटा निखिल श्रीवास्तव, जीवन लाल गोंड़ निवासी बेंगरी, प्यारे पोर्ते निवासी दरबानटोला, अरविंद कुमार तत्कालीन शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक गंडई के विरूद्ध अलग-अलग प्रकरण अपराध क्रमांक 10/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि, अपराध क्रमांक 11 / 2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि, अपराध क्रमांक 12 / 2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि, अपराध क्रमांक 13/ 2024 धारा 420, 120 बी भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा प्रकरण के आरोपियों के त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोहगांव धर्मेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया जो प्रकरण के शातिर आरोपी ललित शर्मा को उरला रायपुर से हिरासत में लेकर घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया। आरोपी ललित शर्मा द्वारा कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में अपने साथी निखिल श्रीवास्तव तथा बैंक कर्मचारी के साथ मिलीभगत करके षडयंत्रपूर्वक मोहगांव थाना क्षेत्र के गरीब एवं भोले भाले किसानों को केसीसी लोन निकलवाने का झांसा देकर किसानों का ऋण पुस्तिका एवं जमीन का कागजात लेकर केसीसी लोन निकलवाकर अलग अलग तरीके से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक धर्मेन्द्र वैष्णव, सउनि. राजकुमार महिलांगे प्र.आर. रंजीत तिकी, सुरेश चन्द्रवंशी, आरक्षक भीखम ओगरे, लोकेश कुमार ठाकुर, देवनंदन राम का सराहनीय योगदान रहा।

# इंस्टाग्राम सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर रुपयों की मांग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



लड़की की आवाज निकाल कर मजबूरी बताकर मांगता था पैसा

डोंगरगढ़ (दावा)। इंस्टाग्राम सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर रुपयों की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लड़की की आवाज निकाल कर मजबूरी बता कर पैसा मांगता था। पुलिस ने साइबर की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी दीपक बघेल पिता इतवारी राम बघेल आयु 20 साल निवासी विष्णुपुर वार्ड नंबर 9 थाना ठेलकाड़ीह जिला खैरागढ़ के विरुद्ध अपराध धारा 419, 420, 385 भादवि में कायम कर रिमांड में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ। जिसके पालन में पीड़िता पुलिस चौकी मोहारा आकर अपने इंस्टाग्राम आईडी की फेक आईडी बनाकर रुपयों की मांग करने का लिखित आवेदन पर आरोपी को सायबर टीम के साथ पता तलाश कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कथन लिए जाने पर अपना अपराध स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त मोबाईल तथा मोबाईल में भेजे गए संदेश की हॉर्ड कॉपी प्रस्तुत करने पर जप्त कर आरोपी दीपक बघेल को रिमांड में लिया गया।

# राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



डोंगरगांव (दावा)। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल ने 29 फरवरी को रायपुर में डॉ.रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा से उनके निवास में अपने दो सूत्रीय मांग को लेकर मुलाकात की और इस विषय पर सार्थक चर्चा किया, चर्चा में प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार में 2011-12 से आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया जा रहा है, पुरस्कृत शिक्षकों को इसके साथ ही साथ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों को सेवानिवृत्ति में दो वर्ष की वृद्धि किया जाए, प्रतिनिधि मंडल में राज्यपाल व राष्ट्रपति अवॉर्डी फोरम के प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा, उर्मिला श्रवण, अनीता धनेश्वर, के.पी.सिन्हा, दीपक साहू, रामकुमार वर्मा, मेहतरलाल देवांगन एवं अन्य आवर्डी शिक्षक शामिल हुए।

# विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व सांसद यादव से मिला जिला सचिव संघ



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के जिला इकाई, राजनांदगांव का मधुसूदन यादव पूर्व सांसद द्वारा संघ के संरक्षक हेतु सहमति प्रदान किया गया।

आज जनपद एवं जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वैष्णव के नेतृत्व में जनपद एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा राजनांदगांव सिविल लाइन स्थित सांसद कार्यालय पहुंचकर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से सौजन्य भेंट मुलाकात की। साथ ही शासकीयकरण, एरियस राशि, हड़ताल अवधि की भुगतान लंबित मांगों के संबंध में भी चर्चा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रदेश पंचायत सचिव संघ जनपद पंचायत राजनांदगांव के सचिव मोरध्वज पटेल, लक्ष्मीनारायण साहू अध्यक्ष ब्लाक छुरिया, ओमप्रकाश धनकर छुरिया, सोहनलाल पटेल छुरिया, कृष्णा सिन्हा, भूपेंद्र यादव सचिव ब्लॉक डोंगरगढ़, दिनेश परिहार, तिलेश्वर साहू, अनुसूइयां मंडावी, एकता गुप्ता, दुष्यंत साहू, अनुराधा तंबोली, सुनीता साहू, संध्या साहू, कुंती साहू, आशीष राजपूत, महेंद्र साहू, रविन्द्र साहू, फूलसिंह कुंजाम, अजय कश्यप, मनोज देवांगन, ऐनप्रसाद शर्मा, शिवकुमार साहू, ननकू राम देवांगन, सुमित श्रीवास्तव, बिरेंद्र वर्मा, हेमंत देवांगन, गुमान साहू उपस्थित रहे।




# भाजपा कार्यकाल में आए विषय में भाजपाई चूप क्यों- कुलबीर



पूर्ववती महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 12 जनवरी 2018 को सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया जिसे कांग्रेस पार्षदों के विरोध पर वापस किया गया था

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम शहर की जनता को ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से डोर टू डोर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, गुजरचार्ज व करों को बढ़ाकर बोझ देने जा रही है जिसको लेकर वरिष्ठ पार्षद व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त पर कड़ी नाराजगी जताते हुए प्राइवेट टैक्स वसूली को रोकने की मांग की है।

ज्ञात हो नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्यादेश जारी कर शहरी क्षेत्र में टैक्स वसूली को निजी हाथों के माध्यम से डोर टू डोर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, गुजरचार्ज वसूली के लिए लागू कर शहर की जनता के विश्वास पर खिलवाड़ की है और सामान्य सभा में लाए बगैर ही ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से टैक्स वसूली का जिम्मा दे दिया गया है। जिसको लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा दिए आवेदन के समय के अनुसार 29 फरवरी को आयुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

इस संबंध में पार्षद कुलबीर सिह छाबड़ा ने कहा कि शहर की जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के हक को मारा जा रहा है। निगम आयुक्त सामान्य सभा में लाए बगैर ही टैक्स वसूली प्राइवेट हाथों में देकर लागू किया गया है इस तरह कार्यप्रणाली अपनाई है जो सरासर गलत है। श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती महापौर मधुसूदन यादव द्वारा 12 जनवरी 2018 को सामान्य सभा में लाया गया था जिसे कांग्रेस पार्षद दलों के विरोध के चलते इस विषय को वापस किया गया था।

वरिष्ठ पार्षद छाबड़ा ने कहा कि पिछले दो माह से शहर में प्राइवेट ठेकेदार के कर्मचारी शहर की जनता के घरों में घुस कर गलत तरीके से नापजोख कर रहे हैं वहीं ठेकेदार के कर्मचारी व शहरवासियों के बीच बहस बाजी के साथ-साथ दो-दो बातें हो रही हैं।

इस तरह से सर्वे करना और नाप जोख करना रेकी करने के समान है। आज की स्थिति में शहर में चोरियां भी बढ़ गई है। ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा टैक्स की बढ़ौतरी होना बताया जा रहा तो क्या इससे पहले निगम कर्मचारियों द्वारा टैक्स लेते है वह कम बताया जा रहा था इससे लगता है कि आयुक्त व प्रावइेट ठेकेदार शहर की जनता को लूटने का भरसक प्रयास कर रही है। श्री छाबड़ा ने आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम कर्मचारियों को हिदायत दे रखी है कि इस विषय पर कोई भी जानकारी न दी जाए। इस संबंध में मेरे द्वारा आयुक्त से पूछने पर बताया गया कि इस कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा अब तक 35 लाख रूपए खर्च हो चुका है इसलिए इसको चलने दीजिए इससे पता चलता है कि आयुक्त ठेकेदारी के साथ सांठगांठ है उनके प्रति काफी मोहमाया है। उसे शहर की जनता से कोई मतलब नहीं है। ऐसा पता चला है कि प्राइवेट ठेकेदार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को तीन माह से वेतन भी नहीं दिया है।

टैक्स वसूली प्राइवेट करके निगम कर्मचारियों की नियुक्तियों पर विराम के साथ-साथ निगम कर्मचारियों के हक को मारा जा रहा है इसी तरह कहा जाए तो निगम आयुक्त भाजपा नेताओं के इशारे पर काम कर रही है। श्री छाबड़ा ने आयुक्त की निंदा करते हुए कहा कि आप नियम से नियम कार्य करते हुए शहर की जनता के हितों की बात करिए। आयुक्त द्वारा आगामी 04 मार्च तक इसकी संपूर्ण जानकारी देने की बात की है। इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, शहर कांग्रेस महामंत्री हनी ग्रेवाल उपस्थित रहे।

# आरपीएल के समापन में शामिल हुए दुर्ग सांसद बघेल, अयोध्या इलेवन ने जीता खिताब



राजनांदगांव (दावा)। नीलूं फैंस क्लब, एकता समिति एवं संयम स्पोर्ट्स के तत्वाधान में आयोजित राजनांदगांव प्रीमियर लीग के पहले सीजन का बुधवार को समापन हो गया। समापन के अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। प्रतियोगिता के पहले सीजन की विजेता आयोध्या इलेवन की टीम रहीं, वहीं कोबरा फाइटर्स उपविजेता बनी। विजेता टीम को एक लाख रुपए एवं ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदत्त की गई।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा के संरक्षण में शहरी युवाओं को खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देने की दृष्टिकोण से आयोजित किए गए आरपीएल की शुरुआत 22 फरवरी से की गई थी। लगातार सात दिनों तक चले इस आयोजन के अंतिम दिन बुधवार को फाईनल मैच खेला गया। इस फाईनल मैच में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल के साथ ही पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पुखराज कांकरिया, नरेद बैद, पवन मेश्राम, राजेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन एवं आर के सोनी भी शामिल हुए। नीलू शर्मा के संरक्षण में आयोजन समिति के संरक्षक पवन डागा, अध्यक्ष इरफान शेख, नरेंद्र हंसा, धीरज हंसा, संजू बघेल, रमेश सागरवंशी, अंकित गढ़ेवाल, अफजल खान, दीपक चौहान ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए मेहनत की।

### पहली बार लाइव प्रसारण

नीलू शर्मा के संरक्षण में आयोजित इस प्रतियोगिता को भव्य रुप देने के लिए भी कई व्यवस्थाए की गई थी। पहली बार शहर स्तरीय किसी प्रतियोगिता के मैच का यूट्यूब के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया। इसके साथ ही एलईडी टीवी में भी इसका प्रसारण चला, वहीं लाईव स्कोरिंग के साथ ही खिलाड़ियों के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी।

### खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार

प्रतियोगिता में विजेता टीम को एक लाख रुपए नगद एवं विनिंग ट्रॉफी दी गई, उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए नगद एवं रनिंग ट्रॉफी दी गई। ऐसे ही मैन ऑफ द सीरिज अयोध्या इलेवन के शीतल यादव को आयोजन समिति द्वारा ट्रॉफी एवं 2100 रुपए नगद और राज मार्केटिंग की तरफ से एलईडी टीवी दी गई। ऐसे ही सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आयोध्या इलेवन के सत्यम शर्मा को ट्रॉफी एवं 2100 रुपए नगद, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज कोबरा फाईटर के नरेंद्र झा को ट्रॉफी एवं 2100 रुपए नगद, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर लखोली प्रिंस के मोंटू यादव एंव फील्डर डीएल क्लब के अमुक भटनागर को दिया गया।

### दर्जनभर टीमों के बीच भिड़ंत

इस प्रतियोगिता को आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया गया था, जिसमें शहर के सभी बेहतर खिलाड़ियों का पंजीयन कर उन्हें ऑक्शन के माध्यम से 12 टीमों में विभाजित किया गया। दो ग्रुप में बांटकर इन टीमों के बीच कुल 30 मैच खेले गए, जिनमें से चार टॉप टीमें आयोध्या इलेवन, कोबरा फाईटर्स, महादेव इलेवन एवं लखोली प्रींस के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता में कुल 191 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com